Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
# वेलकम इंडिया
नये भारत की नई सोच
RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्षः 6 अंकः 69 | मंगलवार, 11 मार्च -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## बिहार चुनाव से पहले अमित शाह का बड़ा ऐलान

# राम मंदिर के बाद अब सीता माता मंदिर की बारी

नई दिल्ली।



शाह ने कहा कि गुजरात में बसे मिथिलांचल और बिहार के लोगों ने इसके विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। साथ ही उन्होंने उन्हें आश्वस्त किया कि राज्य में उनका सम्मान, सुरक्षा और स्वागत है।

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने गुजरात के विकास में योगदान देने के लिए मिथिलांचल और बिहार के लोगों की सराहना की और कहा कि इस क्षेत्र में प्राचीन काल से लोकतंत्र और दर्शन को सशक्त बनाने का इतिहास रहा है। ह्यशाश्वत मिथिला महोत्सव 2025 कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी वादा किया कि सीता माता का एक भव्य मंदिर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान जब मैं बिहार गया था, तो मैंने कहा था कि राम मंदिर तो बन गया, अब सीता माता का भव्य मंदिर बनाने की बारी है। मंदिर पूरी दुनिया को नारी शक्ति का संदेश देगा और यह भी कि जीवन को हर तरह से आदर्श कैसे बनाया जाए।

**मिथिला की भूमि रामायण और महाभारत के समय से ही बुद्धिजीवियों की भूमि रही है**

शाह ने कहा कि गुजरात में बसे मिथिलांचल और बिहार के लोगों ने इसके विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। साथ ही उन्होंने उन्हें आश्वस्त किया कि राज्य में उनका सम्मान, सुरक्षा और स्वागत है। मिथिला की भूमि रामायण और महाभारत के समय से ही बुद्धिजीवियों की भूमि रही है, जिसमें प्राचीन विदेह राज्य लोकतंत्र की जननी है। उन्होंने कहा कि महात्मा बुद्ध ने कई बार कहा था कि जब तक विदेह के लोग मिलजुलकर रहेंगे, उन्हें कोई नहीं हरा सकता। मिथिलांचल लोकतंत्र की एक मजबूत ताकत साबित हुआ, जो सालों तक पूरे देश को अपना संदेश देता रहा। मिथिलांचल शास्त्रार्थ की भी भूमि रही है। मिथिलांचल लोकतंत्र की एक मजबूत ताकत साबित हुआ, जो वर्षों तक पूरे देश को अपना संदेश देता रहा। मिथिलांचल शास्त्रार्थ की भी भूमि रही है। शाह के बयान पर भाजपा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि बिहार के लोग इस खबर से उत्साहित हैं।

भारत सरकार ने बिहार के लोगों के कल्याण के लिए काम करने का संकल्प लिया है और यह गर्व की बात है कि उनकी जन्मभूमि पर एक भव्य मंदिर बनाया जाएगा।

**'पर्यावरण छोड़ो, परमाणु खतरे का सोचो'**

## डोनाल्ड ट्रंप को सता रही चिंता,बोले- जेलेंस्की ने अमेरिका का एहसान नहीं माना

न्यूयॉर्क।



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विश्व को परमाणु हथियारों के खतरे से आगाह किया है। कहा है कि विश्व के सामने यह खतरा किसी अन्य खतरे से ज्यादा बड़ा है। यह पर्यावरण में हो रहे बदलाव के खतरे से बहुत ज्यादा बड़ा है।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण बदलाव से जहां अगले 300 वर्षों में समुद्र का जलस्तर एक इंच का आठवां हिस्सा बढ़ेगा लेकिन परमाणु हथियार से विश्व का विनाश महज एक दिन में हो सकता है, वह दिन आने वाला कल भी हो सकता है। ट्रंप ने यह बात संडे मॉर्निंग फ्यूचर्स के साथ इंटरव्यू में कही है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, परमाणु हथियार का खतरा किसी अन्य खतरे से विनाश की कल्पना से कहीं ज्यादा भयावह है। अगर कभी इसका इस्तेमाल हुआ तो यह पूरे विश्व को नष्ट कर सकता है। ट्रंप ने उन लोगों की आलोचना की, जो पर्यावरण में बदलाव को बड़ा खतरा बताते हुए परमाणु हथियार के खतरे की लगातार अनदेखी कर रहे हैं। यूक्रेन युद्ध की चर्चा करते हुए ट्रंप ने वहां के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को एहसान न मानने वाला बताया। कहा कि अमेरिका ने यूक्रेन को 350 अरब डॉलर की मदद दी और यूरोपीय देशों ने महज 100 अरब डॉलर दिए, लेकिन जेलेंस्की उसके लिए अमेरिका का एहसान नहीं मानते हैं। बाइडन के शासनकाल में अमेरिका के धन का दुरुपयोग हुआ। जेलेंस्की को इतनी बड़ी धनराशि उसी तरह दी गई जैसे कि एक बच्चे को चूसने के लिए लगातार कैंडी दी जाती है।

## दिल्लीवासियों को मिलेगी गर्मी से राहत

**नई दिल्ली।** लगातार गर्म होते मौसम के बीच अधिकतम के साथ साथ न्यूनतम तापमान में भी वृद्धि होने लगी है। हालांकि अगले दो दिन तेज हवाएं भी चलेंगी। इसके बाद तीन दिन हल्की वर्षा होने का भी पूवार्नुमान है। सप्ताहांत के दौरान तापमान में कुछ कमी आ सकती है। सोमवार को साफ आसमान और तेज धूप के बीच दिल्ली में दिन का तापमान सामान्य से 4.2 डिग्री ऊपर 32.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.2 डिग्री अधिक 15.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

## गुलमर्ग में खेलो इंडिया विंटर गेम्स का शानदार आगाज



श्रीनगर।


विश्व प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में चारों तरफ बर्फ की सफेद चादर बिछी हुई है। दिन में भी तापमान शून्य के आस पास ही बना रहा और बफीर्ली हवाओं के थपेड़े ठंड का लगातार अहसास करा रहे हैं, लेकिन देश के विभिन्न भागों से आए खिलाड़ियों का जोश, उनकी जीवटता ने पूरे माहौल को जीवंत बना रखा हुआ है। उनके जोश को बढ़ाती दर्शकों की तालियां और सीटियां कहीं भी ठंड का अहसास नहीं होने देती।

गुलमर्ग में खेलो इंडिया-शीतकालीन खेलों का पांचवा संस्करण-2025 शुरू हो चुका है। इसमें भाग लेने के लिए देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से लगभग एक हजार खिलाड़ी और अधिकारी आए हुए हैं। कंगडोरी में पुरुषों के लिए वर्टिकल स्की माउंटेनियरिंग स्पर्धा में पुणे महाराष्ट्र के सिद्धार्थ गाडेकर ने स्वर्ण पदक जीता। सोना जीतने का जश्न मनाते हुए उन्होंने कहा कि लगातार प्रशिक्षण से उन्हें वह परिणाम मिला जो वे चाहते थे। उन्होंने एथलीटों को छिपी हुई क्षमता दिखाने में मदद करने के लिए मंच और अद्वितीय अवसर देने के लिए खेलो इंडिया शीतकालीन खेल के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

### गोल्ड मेडल मिलने पर जश्न

देश भर से आए खिलाड़ियों ने वर्टिकल स्की माउंटेनियरिंग, स्नोबोर्ड गैंट स्लैलम और स्प्रिंट सहित बर्फ के खेलों के विभिन्न क्षेत्रों में पदक पर अपनी दावेदारी को सही साबित करने के लिए अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

## तेलंगाना सुरंग हादसे में बचाव अभियान तेज



नगरकुरनूल।

तेलंगाना सुरंग हादसे में जान गंवाने वाले गुरप्रीत सिंह के पार्थिव शरीर को पंजाब में उनके पैतृक स्थान भेज दिया गया है। सुरंग में फंसे सात अन्य लोगों का पता लगाने के लिए सोमवार को 17वें दिन भी बचाव अभियान जारी रहा।

रविवार को तलाशी अभियान के दौरान टनेल बोरिंग मशीन (टीबीएम) ऑपरेटर गुरप्रीत का शव बरामद किया गया था। गुरप्रीत रॉबिन्स कंपनी के लिए टीबीएम ऑपरेटर के रूप में काम करते थे। 22 फरवरी को सुरंग के आंशिक रूप से ढहने के बाद अंदर फंसे आठ लोगों में गुरप्रीत भी थे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि नगरकुरनूल के सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम और अन्य प्रक्रियाओं के बाद शव को एक विशेष एम्बुलेंस में पंजाब में उनके पैतृक स्थान ले जाया गया। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने उनके परिवार को 25 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 48 घंटे से अधिक समय तक बहुत सावधानी से खोदाई और अन्य प्रयासों के बाद शव को निकाला जा सका। करीब 10 फीट की गहराई पर गाद के नीचे शव दबा हुआ था।

### रविवार को बरामद हुआ था गुरप्रीत सिंह का शव, पत्नी ने पंजाब सरकार से मांगी मदद

## मणिपुर में राष्ट्रपति शासन को लेकर आज लोकसभा में होगी चर्चा, 3 जिलों से 17 उग्रवादी भी गिरफ्तार

नई दिल्ली।



मणिपुर में राष्ट्रपति शासन की घोषणा को मंजूरी देने के लिए वैधानिक प्रस्ताव पर लोकसभा में मंगलवार को एक घंटे की चर्चा होगी। सोमवार को स्पीकर ओम बिरला की अध्यक्षता में लोकसभा की कार्यमंत्रणा समिति (बिजनेस एडवाइजरी कमेटी) की बैठक में यह फैसला लिया गया। लोकसभा में मंगलवार से केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए मणिपुर बजट पर चर्चा होगी। बजट पर चर्चा को 2024-25 के लिए अनुदानों की अनुपूरक मांगों के दूसरे बैच और 2021-22 के लिए अतिरिक्त अनुदानों की मांगों पर बहस के साथ जोड़ दिया गया है और इसके लिए छह घंटे आवंटित किए गए हैं। कार्यमंत्रणा समिति ने होली के कारण 13 मार्च को होने वाली बैठक को रद करने का भी फैसला किया है। इसने सिफारिश की है कि 13 मार्च की बैठक की भरपाई के लिए लोकसभा शनिवार (29 मार्च) को बैठे। इसने रेलवे पर चर्चा के लिए 10 घंटे और जल शक्ति, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालयों की अनुदानों की मांगों पर बहस के लिए एक-एक दिन आवंटित किया है। इससे पहले, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में मणिपुर का 2025-26 का बजट पेश किया। इसमें 35,103.90 करोड़ रुपये खर्च का प्रविधान है, जो चालू वित्त वर्ष में 32,656.81 करोड़ रुपये था। सीतारमण ने बजट पेश करते हुए कहा, '13 फरवरी, 2025 को संविधान के अनुच्छेद 356 के तहत जारी उद्घोषणा के परिणामस्वरूप, मणिपुर राज्य विधानमंडल की शक्तियां संसद द्वारा या उसके अधिकार के तहत प्रयोग की जा सकती हैं।'

## ब्लिंकन-सुलिवन समेत 51 अधिकारियों की सुरक्षा मंजूरी रद्द

**नई दिल्ली।** डोनाल्ड ट्रंप ने पूर्व राष्ट्रपति बाइडन के कार्यकाल के अधिकारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है।

इसके तहत ट्रंप प्रशासन ने पूर्व विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों की सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी है।

## उत्तरी सागर में तेल टैंकर और जहाज में टक्कर, 20 से अधिक लोग घायल



नई दिल्ली।

ब्रिटेन की समुद्री और तटरक्षक एजेंसी ने कहा कि उत्तरी सागर में घटनास्थल पर कई जीवनरक्षक नौकाएँ और एक तटरक्षक बचाव हेलीकॉप्टर भेजा गया, साथ ही एक तटरक्षक विमान और अग्निशमन क्षमता वाले आस-पास के जहाज भी भेजे गए। बंदरगाह प्रमुख ने बताया कि उत्तरी सागर में एक जहाज के तेल टैंकर से टकराने के बाद 20 से ज्यादा लोगों को किनारे पर लाया गया। पोर्ट ऑफ ग्रिम्सबी ईस्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मार्टिन बॉयर्स ने बताया कि 13 लोगों को विंडकैट 33 जहाज पर लाया गया, जबकि 10 लोगों को बंदरगाह पायलट बोट पर लाया गया। इससे पहले, आपातकालीन सेवाओं ने कहा था कि सोमवार को पूर्वी इंग्लैंड के तट पर एक तेल टैंकर और एक मालवाहक जहाज में टक्कर हो गई।

## भीड़ को नियंत्रित करने को चलेंगी 350 स्पेशल ट्रेनें



**नई दिल्ली।** दिल्ली रेल मंडल के नई दिल्ली, दिल्ली, निजामुद्दीन, आनंद विहार, गाजियाबाद और पानीपत स्टेशन पर मिनी कंट्रोल रूम तैयार किया गया है। नई दिल्ली और आनंद विहार रेलवे स्टेशन परिसर में भीड़ बढ़ने पर सुरक्षा के लिए विशेष होल्डिंग एरिया बना है। होली पर उमड़ने वाली भीड़ नियंत्रण के लिए रेलवे ने तैयारी पूरी कर ली है। ट्रेन संचालन और भीड़ नियंत्रण के लिए मिनी कंट्रोल रूम सभी स्टेशनों पर बनाया गया है। जहां 360 डिग्री सीसीटीवी कैमरे समेत अन्य आधुनिक उपकरण लगाया गया है। इसकी निगरानी विशेष ड्यूटी अधिकारी (एसडीओ) करेंगे। मिनी कंट्रोल के साथ बेहतर समन्वय के लिए वाणिज्यिक और आरपीएफ कर्मचारियों को वॉकी टॉकी प्रदान की गई है। इतना ही नहीं वाणिज्यिक टिकट जांच कर्मचारियों (टीटीई) को विशेष वर्दी प्रदान की गई है। ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में उन्हें आसानी से पहचाना जा सके। निर्बाध टिकट जांच में मदद मिल सके। दिल्ली रेल मंडल के नई दिल्ली, दिल्ली, निजामुद्दीन, आनंद विहार, गाजियाबाद और पानीपत स्टेशन पर मिनी कंट्रोल रूम तैयार किया गया है।

नई दिल्ली और आनंद विहार रेलवे स्टेशन परिसर में भीड़ बढ़ने पर सुरक्षा के लिए विशेष होल्डिंग एरिया बना है। इस जगह पर टिकट बुकिंग काउंटर स्थानांतरित किया गया है ताकि टिकट काउंटर पर भी भीड़ नहीं बढ़ कसे।

## झमाझम बारिश से सराबोर होगा उत्तर भारत

नई दिल्ली।

इस वक्त पूरे देश में मौसम की विविधता देखने को मिल रही है। जहां एक ओर गुजरात के कुछ हिस्सों में लू चल रही है, तो वहीं जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी व बारिश देखने को मिल रही है। अब मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि आने वाले दिनों में उत्तर भारत का मौसम पूरी तरह से बदलने जा रहा है। संभावना जताई जा रही है कि 12 मार्च से देश के हिमालयी रीजन में पश्चिमी विक्षोभ का असर देखने को मिल सकता है। बीते 24 घंटे में जम्मू क्षेत्र, हिमाचल प्रदेश, अरुणाच प्रदेश में बर्फबारी और बारिश देखने को मिली है। इसके साथ ही अंडमान व निकोबार द्वीप समूह, असम और केरल में भी जमकर बारिश हुई है। जबकि सौराष्ट्र व कच्छ के हिस्सों में हीटवेव की स्थिति बनी रही। राजकोट में बीते 24 घंटे का सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान दर्ज किया गया, जो 41.1 डिग्री रहा। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि 10 से 12 मार्च के बीच गुजरा, 11 और 12 मार्च को दक्षिणी पश्चिम राजस्थान, 11 से 13 मार्च को विदर्भ और 13 व 14 मार्च को ओडिशा में हीटवेव की स्थिति दिख सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक, इस वक्त पश्चिमी ईरान के आस-पास पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है, जो आने वाले दिनों में अपना प्रभाव दिखाएगा। वहीं इसके अलावा राजस्थान, असम और हिंद महासागर में साइक्लोनिक सकुर्लेशन बना हुआ है। पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र और अरुणाचल प्रदेश में 10 से 16 मार्च के दौरान बारिश की संभावना जताई गई है। वहीं उत्तर पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में 12 से 15 मार्च तक बारिश होगी। वहीं अनुमान जताया गया है कि इस हिस्से में अगले 3 दिनों में तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है, लेकिन फिर इसमें 2 से 4 डिग्री की गिरावट दर्ज की जाएगी।



## संपादक की कलम से

### बच्चों में बहरापन

यह आशंका अकसर जतायी जाती रही है कि लगातार कानों पर मोबाइल व ईयरफोन लगाने का बच्चों की श्रवण शक्ति पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। अब हाल में हुए अध्ययन ने इसकी पुष्टि की है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय भी इस खतरे की पुष्टि कर रहे हैं। इसीलिए अभिभावकों को चेताया गया है कि बहुत अधिक स्क्रीन टाइम और गैजेट्स की तेज ध्वनि से बच्चों की रक्षा करें। दरअसल, डब्ल्यूएचओ की दक्षिण पूर्व एशिया की निदेशक साइमा वाजेद ने कहा है कि दुनिया में 1.40 अरब लोग इस संकट से प्रभावित हुए हैं। जिसमें 40 करोड़ लोग दक्षिण पूर्व एशिया में बधिरता से ग्रस्त हो रहे हैं। एक अध्ययन के अनुसार वर्ष 2050 तक 1.6 अरब लोग बधिरता से प्रभावित हो सकते हैं। जिनमें अधिकांश लोग मध्यम व कम आय वर्ग के होंगे। यूं तो साठ साल के बाद सुनने की क्षमता प्राकृतिक रूप से कम हो जाती है, लेकिन हाल के वर्षों में लगातार कानों में ईयरफोन आदि लगाने से यह संकट बच्चों में बढ़ता जा रहा है। खासकर वे बच्चे जो लगातार लेपटॉप व मोबाइल पर गेमिंग व अन्य कार्यक्रम तेज आवाज में घंटों सुनते रहते हैं। पहले कम सुनने की समस्या दिखायी देती है और कालांतर समस्या बहरेपन में तब्दील हो जाती है। दरअसल, कानों पर तकनीकी शोर का इतना अधिक दबाव बढ़ गया है कि बच्चे अपनी सुनने की प्राकृतिक क्षमता खोने लगे हैं। जो एक आसन्न गंभीर संकट को ही दशार्ता है। दरअसल, सबसे बड़ा संकट यह है कि आज मोबाइल फोन एक आवश्यक बुराई बन चुका है। आज नई पीढ़ी इस संबंध में मां–बाप की नसीहत पर ध्यान कम ही देती है। ऐसे में स्कूल–कालेजों में शिक्षकों व सामाजिक अभियानों से जुड़े लोगों को जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। विभिन्न सूचना माध्यमों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों से बच्चों को जागरूक करने के लिये मुहिम चलाने का कुछ लाभ जरूर मिल सकता है। प्रयास किया जाए कि न टाले जा सकने वाले कार्यक्रमों को कम आवाज के साथ सुना जाए। लेकिन विडंबना यह है कि हरदम कानों पर मोबाइल व ईयरफोन तथा बड्स आदि लगाना स्टेटस सिंबल बन गया। व्यक्ति खुद व्यस्त होने का दिखावा करता रहता है। विडंबना यह है कि जीवनशैली में आए बदलावों तथा शिक्षा कार्यों के लिये ऑनलाइन रहने की दलील देकर बच्चे भी मोबाइल–लेपटॉप आदि से चिपके रहने का बहाना ढूंढ ही लेते हैं। तेज आवाज का संगीत व कंसर्ट बच्चों को लुभाते हैं। ऐसे में अभिभावक बच्चों को इस संकट की भयावहता से अवगत कराएं तथा समय–समय पर उनके कानों का चेकअप कराते रहें।



ललित शर्मा
संपादक

## उदय किशोर साह



### मत कर इनका गुणगान

कविता

अपराधी को मत कोई दो सम्मान
बन्द करो इनका अब गुणगान
खुद का खो चुके है अपनीजो मान
होश में आओं भोले भाले रे नादान

बम बारूद से सजी जिनकी दुकान
अपराध जगत में है जो महान
जग में है जिनका भी। दुर्नाम
क्यूँ बनाते हो इनको कोई मेहमान

इनकी नीयत में होता है खोट
घात लगा कर जो करते है। चोट
बेईमानी से कमा लेते हैं ये नोट
मंच इनकी है बड़ी ही हॉट

चोर लुटेरे हैं जिनके बन बैठे पाती
असलेह बने हैं जिन जिन के साथी
जैसे दीपक संग कोई खड़ा है बाती
अपनों में भी करते हैं ये बड़ी घाती

ये ना होते हैं किसी के भी सच्चे यार
मत करना कोई इन पर एतबार
नीच होता हैं जिनके सोंच . विचार
फिर भी क्यूँ दोस्ती करते हो हर बार

बेशर्मी जिनकी है अपनी पहचान
अपराध की चलाते हैं दिन रात दुकान
इनके दर पे है चोर लुटेरे महान
मत कर इनसे दोस्ती रे कोई इन्सान

इज्जत की जिन्हें ना कोई परवाह
रोज लेते हैं ये गरीबों की मोटी आह
लुट खसोट बन गई है इनकी हर चाह
कानून कब दिखलायेगा इनको राह

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# शांत और परोपकारी स्वभाव सुखी जीवन का मूल मंत्र



गोंदिया

वेलकम इंडिया

भारतीय संस्कृति, सभ्यता के बारे में हमने साहित्य और इतिहास के माध्यम से और भारत माता की गोद में रहकर पारिवारिक संस्कृति, मान सम्मान, रीति- रिवाजों से इसे प्रत्यक्ष महसूस भी कर रहे हैं। परंतु हमारे बड़े बुजुर्गों के माध्यम से हमने कई बार सतयुग का नाम सुने हैं,जिसका वर्णन वेस्वर्गलोक के तुल्य करते हैं। याने इतनी सुखशांति, अपराध मुक्ति, इमानदारी, शांति सरोवर तुल्य, कोई चालाकी चतुराई गलतफहमी या कुटिलता या भ्रष्टाचार नहीं, बस एक ऐसा युग कि कोई अगर कुछ दिन, माह के लिए बाहर गांव जाए तो अपने घरों को ताला तक लगाने की जरूरत नहीं!अब कल्पना कीजिए कि अपराध बोध मुक्त युग!मेरा मानना है कि हमारी पूर्व की पीढ़ियों ने ऐसा युग जिए होंगे तब यह बोध आगे की पीढ़ियों में आया,जिसे सतयुग के नाम से जरूर जाना जाता है।

साथियों बात अगर हम वर्तमान युग पर बड़े बुजुर्गों में चर्चा की करें तो इस इसे कलयुग नाम देते हैं, याने सभी प्रकार के अपराध बोध से युक्त संसार। हर तरह की बेईमानी, भ्रष्टाचार कुटिलता से भरा हुआ युग!आज भी बुजुर्गों का मानना है कि वह सतयुग फिर आएगा,याने आज की तकनीकी भाषा में अपराध मुक्त, भ्रष्टाचार बेईमानी कुटिलता मुक्त पारदर्शिता और अनेकता में एकता वाले भारत की परिकल्पना का युग।

साथियों बात अगर हम अपराध, भ्रष्टाचार, बेईमानी, कुटिलता से भरे जग की करें तो मेरा मानना है कि इसका मुख्य प्रवेश द्वार क्रोध, उत्तेजित स्वभाव व लालच है जिसमें आपराधिक बोध प्रवृत्ति का जन्म होता है और व्यक्ति क्रोध में हिंसा, अपराध, लालच, भ्रष्टाचार, बेईमानी और कुटिलता के अमानवीय कृति और अन्य गलत कार्यों की ओर मुड़ जाता है और आगे बढ़ते ही चले जाता है जब जीवन के असली महत्व का पता चलता है तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। क्रोध की अभिव्यक्ति हमारे अंदर की कुंठा, हिंसा व द्वेष के कारण भी हो सकती है। वर्तमान काल में अपराधों के बढ़ने का एक प्रमुख कारण भीषण क्रोध ही है।क्रोध से उत्पन्न हुएअपराधों के औचित्य को सिद्ध करने के लिए क्रोधी व्यक्ति कुतर्क कर दूसरे को ही दोषी सिद्ध करता है। एक दोष को दूर करने के लिए अनेक कुतर्क पेश करता है। क्रोध में व्यक्ति आपा खो देता है। क्रोध में अंततः बुद्धि निस्तेज हो जाती है और विवेक नष्ट हो जाता है। क्रोध का विकराल रूप जुनून है। आदमी पर जुनून सवार होने पर वह जघन्य से जघन्य अपराध कर बैठता है। जुनून की हालत में उसे मानवीय गुणों का न बोध रह पाता है और न ही ज्ञान। क्रोध मानव का सबसे




बड़ा शत्रु है, बहुत बड़ा अभिशाप है।

साथियों बात अगर हम शांत, परोपकारी स्वभाव ही जीवन का मूल मंत्र की करें तोअभिभावकों, शिक्षकों को बच्चों को यह शिक्षा देना है और हम बड़ों को यह स्वतः संज्ञान लेना है कि माचिस की तीली बनने की बजाय शांत सरोवर बनना होगा, जिसमें कोई अंगारा भी फेंके तो स्वयं ही बुझ जाए, बस! यह भाव अगर हम मनीषियों के हृदय में समाहित हो जाए तो यह विश्व फिर सतयुग का रूप धारण करेगा जहां किसी तरह का कोई अपराध बोध या गलत काम का भाव नहीं होगा। सभी मनीषी जीव परोपकारी भाव से युक्त होंगे भाईचारा, प्रेम, सद्भाव की बारिश होगी जहां बिना ताले घरबार छोड़ कहीं भी जाने के भाव जागृत होंगे और हमारे बुजुर्गों का सतयुग रूपी सपना साकार होगा।

साथियों बात अगर हम स्वयं को माचिस की तीली याने क्रोधित होने पर विपरीत परिणामों की करें तो, क्रोध मनुष्य को बर्बाद कर देता है और उसे अच्छे बुरे का पता नही चलने देता, जिस कारण मनुष्य का इससे नुक्सान होता है। क्रोध मनुष्य का प्रथम शत्रु होता है। क्रोधी व्यक्ति आवेश में दूसरे का इतना बुरा नहीं जितना स्वयं का करता है। क्रोध व्यक्ति की बुद्धि को समाप्त करके मन को काला बना देता है।

साथियों बात अगर हम क्रोध को नियंत्रित कर समाप्त करने की तकनीकी की करें तो इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अनुसार क्रोध के नकारात्मक प्रभाव पूरे इतिहास में देखे गए हैं। प्राचीन दार्शनिकों, धर्मपरायण व्यक्तियों और आधुनिक मनोवैज्ञानिकों द्वारा प्रतीत होने वाले अनियंत्रित क्रोध का मुकाबला करने की सलाह दी गई है। आधुनिक समय में, क्रोध को नियंत्रित करने की अवधारणा को मनोवैज्ञानिकों के शोध के आधार पर क्रोध प्रबंधन कार्यक्रमों में अनुवादित किया गया है। क्रोध प्रबंधन क्रोध की रोकथाम और नियंत्रण के लिए एक मनो-चिकित्सीय कार्यक्रम है। इसे क्रोध को सफलतापूर्वक तैनात करने के रूप में वर्णित किया गया है। क्रोध अक्सर हताशा का परिणाम होता है,या किसी ऐसी चीज से अवरुद्ध या विफल होने का अनुभव होता है जिसे विषय महत्वपूर्ण लगता है। अपनी भावनाओं को समझना क्रोध से निपटने का तरीका सीखने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हो सकता है। जिन बच्चों ने अपनी नकारात्मक भावनाओं को क्रोध डायरी में लिखा था, उन्होंने वास्तव में अपनी भावनात्मक समझ में सुधार किया, जिससे बदले में कम आक्रामकता हुई। जब अपनी भावनाओं से निपटने की बात आती है, तो बच्चे ऐसे उदाहरणों के प्रत्यक्ष उदाहरण देखकर सबसे अच्छा सीखने की क्षमता दिखाते हैं, जिनके कारण कुछ निश्चित स्तर पर गुस्सा आया। उनके क्रोधित होने के कारणों को देखकर, वे भविष्य में उन कार्यों से बचने की कोशिश कर सकते हैं या उस भावना के लिए तैयार हो सकते हैं जो वे अनुभव करते हैं यदि वे खुद को कुछ ऐसा करते हुए पाते हैं जिसके परिणामस्वरूप आमतौर पर उन्हें गुस्सा आता है, इसके साथ ही एकांत में जाकर ध्यान के माध्यम से क्रोध के विकारों को नष्ट करने का प्रयास करें तो ऋणात्मक ऊर्जा को मोड़कर हम सकारात्मक ऊर्जा से विवेक सम्मत निर्णय लेने में सक्षम हो सकते हैं।

# भारतीय समाज में मासिक धर्म अभी तक कलंकित क्यों?



भारत के पास मासिक धर्म स्वास्थ्य के प्रति अधिक समावेशी और दूरदर्शी दृष्टिकोण को बढ़ावा देते हुए सांस्कृतिक विचारों का सम्मान करने का अवसर है। आपके क्या विचार हैं–क्या सरकार को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए, या जमीनी स्तर के संगठनों को बदलाव लाने में आगे आना चाहिए? मासिक धर्म से जुड़ा कलंक कई संस्कृतियों में मौजूद है, जो सांस्कृतिक वर्जनाओं, गलत सूचनाओं और प्रणालीगत लैंगिक असमानता से प्रेरित है। इसके परिणामस्वरूप गंभीर मुद्दे सामने आते हैं, जैसे मासिक धर्म उत्पादों तक सीमित पहुँच, अपर्याप्त शिक्षा और यहाँ तक कि कुछ समुदायों में सामाजिक बहिष्कार। इस कलंक को खत्म करने के लिए, हमें खुली चर्चाओं को प्रोत्साहित करने, मासिक धर्म के बारे में पूरी तरह से शिक्षा प्रदान करने और मासिक धर्म समानता को बढ़ावा देने वाले नीतिगत बदलावों को लागू करने की आवश्यकता है। –प्रियंका सौरभ

मासिक धर्म कई संस्कृतियों में एक वर्जित विषय बना हुआ है, जिसका मुख्य कारण लंबे समय से चली आ रही सांस्कृतिक मान्यताएँ, अपर्याप्त खुली बातचीत और लैंगिक असमानता है। इसके परिणामस्वरूप शर्म, गोपनीयता और मासिक धर्म स्वास्थ्य के बारे में आवश्यक संसाधनों और शिक्षा तक सीमित पहुँच की भावनाएँ पैदा होती हैं। भारत में, मासिक धर्म को अक्सर महत्त्वपूर्ण सांस्कृतिक वर्जनाओं से जोड़ा जाता है, जिससे बहिष्कार, गलत सूचना और प्रतिकूल स्वास्थ्य प्रभाव हो सकते हैं। हालाँकि प्रगतिशील नीतियाँ पेश की जा रही हैं, लेकिन सफल कार्यान्वयन के लिए इन्हें सांस्कृतिक संवेदनशीलताओं के साथ जोड़ना महत्त्वपूर्ण है।

महिलाओं को अक्सर मंदिरों, रसोई और सामाजिक समारोहों जैसी जगहों पर प्रतिबंधों का सामना करना पड़ता है, जो भेदभाव को बढ़ावा देता है। 2018 में सुप्रीम कोर्ट के सबरीमाला फैसले ने मंदिर में महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध को हटा दिया, लेकिन इसे सांस्कृतिक मान्यताओं में निहित काफी विरोध का सामना करना पड़ा। मासिक धर्म के बारे में खुली चर्चा की कमी स्वास्थ्य मामलों में मिथकों और उपेक्षा को बढ़ावा देती है। ग्रामीण भारत में केवल 58% युवा लड़कियों को अपने पहले मासिक धर्म का अनुभव करने से पहले मासिक धर्म के बारे में जानती है। शौचालय, स्वच्छता उत्पादों और उचित निपटान विधियों तक अपर्याप्त पहुँच से भी जूझती हैं। जबकि 2014 में शुरू किए गए स्वच्छ भारत अभियान ने स्वच्छता में प्रगति की है, मासिक धर्म अपशिष्ट निपटान एक महत्त्वपूर्ण मुद्दा बना हुआ है। स्वच्छता उत्पादों की उच्च लागत कई लोगों को असुरक्षित विकल्पों का सहारा लेने के लिए मजबूर करती है। 2022 में शुरू की गई राजस्थान निःशुल्क सैनिटरी पैड योजना का उद्देश्य मासिक धर्म गरीबी से निपटने के लिए निःशुल्क पैड उपलब्ध कराना है। हालाँकि, राजनीतिक एजेंडों में मासिक धर्म स्वास्थ्य को प्राथमिकता नहीं दी जाती है, जो व्यापक सुधारों में बाधा डालता है। मासिक धर्म स्वच्छता नीति (ड्राफ्ट 2022) को अभी भी पूरे देश में पूरी तरह से लागू किया जाना बाकी है।

मासिक धर्म के बारे में जागरूकता को राज्य के पाठ्यक्रमों में शामिल करने से इस विषय पर बातचीत को सामान्य बनाने में मदद मिल सकती है। मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन दिशानिर्देश प्राथमिक विद्यालय स्तर से मासिक धर्म शिक्षा की वकालत करते हैं। आंगनवाड़ी कार्यकताओं, शिक्षकों और सामुदायिक नेताओं को प्रशिक्षित करके, हम अधिक स्वीकृति को बढ़ावा दे सकते हैं। मासिक धर्म स्वास्थ्य गठबंधन भारत (2020) जागरूकता बढ़ाने के लिए जमीनी स्तर के संगठनों के साथ सहयोग करता है। सार्वजनिक हस्तियाँ और मीडिया सकारात्मक संदेश के माध्यम से कलंक का मुकाबला करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। ₹चुप्पी तोड़ो₹ अभियान (2021, यूनिसेफ इंडिया) ने जागरूकता फैलाने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म का प्रभावी ढंग से उपयोग किया। मासिक धर्म स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए, स्कूलों और कार्यस्थलों में निपटान विकल्पों के साथ अधिक लिंग-अनुकूल शौचालयों सहित (जल, स्वच्छता और स्वच्छता) सुविधाओं को सुनिश्चित करना आवश्यक है। मासिक धर्म उत्पादों पर सरकारी सब्सिडी और जीएसटी छूट से पहुँच में काफी सुधार हो सकता है। 2018 में सैनिटरी पैड पर 12% जीएसटी हटाने से वे अधिक किफायती हो गए। बायोडिग्रेडेबल पैड और मासिक धर्म कप को बढ़ावा देना पर्यावरण और सांस्कृतिक दोनों चिंताओं को सम्बोधित करता है। सखी सैनिटरी नैपकिन पहल (ओडिशा, 2021) बायोडिग्रेडेबल पैड के स्थानीय उत्पादन का समर्थन करती है।

मासिक धर्म स्वास्थ्य को स्वास्थ्य के अधिकार (अनुच्छेद 21) के तहत मान्यता दी जानी चाहिए और श्रम कानूनों में शामिल किया जाना चाहिए। मासिक धर्म लाभ विधेयक (2018, निजी सदस्य विधेयक) ने मासिक धर्म अवकाश का भुगतान करने का प्रस्ताव रखा, लेकिन इसे सरकारी समर्थन नहीं मिला।

कंपनियों को मासिक धर्म अवकाश का भुगतान करना चाहिए और कार्यस्थल स्वच्छता सहायता सुनिश्चित करनी चाहिए। जोमैटो ने 2020 में मासिक धर्म अवकाश की शुरूआत करके निजी क्षेत्र में एक मिसाल कायम की। सैनिटरी उत्पाद निमार्ताओं के लिए विस्तारित निमार्ता जिम्मेदारी मानदंडों को लागू करने से कचरे में कमी लाने में मदद मिल सकती है। मासिक धर्म के बारे में बातचीत को बदलने के लिए स्थानीय नेताओं, बुजुर्गों और धार्मिक हस्तियों को शामिल करने वाली समुदाय-आधारित पहल विकसित करें। मासिक धर्म स्वास्थ्य के बारे में चर्चा को और अधिक सामान्य बनाने के लिए शैक्षिक सेटिंग्स और मीडिया में सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त संदेश का उपयोग करें। अधिक समावेशी संवाद बनाने के लिए जागरूकता प्रयासों में पुरुषों और लड़कों को शामिल करें। सैनिटरी उत्पादों पर करों को समाप्त करके और यह सुनिश्चित करके मासिक धर्म स्वास्थ्य नीतियों को बढ़ावा दें कि वे स्कूलों, कार्यस्थलों और ग्रामीण समुदायों में आसानी से उपलब्ध हों।

कार्यस्थल की नीतियों को लागू करें जो मासिक धर्म वाले व्यक्तियों को समायोजित करती हैं, जैसे कि मासिक धर्म अवकाश और स्वच्छ शौचालय तक पहुँच प्रदान करना। सांस्कृतिक मूल्यों का सम्मान करने वाले तरीके से स्कूली कार्यक्रमों में मासिक धर्म शिक्षा को शामिल करें। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम जैसे सरकारी प्रयासों को व्यापक बनाएँ, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में मुफ्त या रियायती सैनिटरी पैड प्रदान करें। पर्यावरण और वित्तीय पहलुओं पर विचार करते हुए, पुनः प्रयोज्य कपड़े के पैड और मासिक धर्म कप जैसे टिकाऊ और लागत प्रभावी मासिक धर्म उत्पादों के उपयोग की वकालत करें। हानिकारक मासिक धर्म मिथकों को दूर करने के लिए बॉलीवुड, सोशल मीडिया प्रभावितों और टेलीविजन शो का उपयोग करें। पैडमैन जैसी फिल्मों ने महत्त्वपूर्ण चचाओं को जन्म दिया है-इस तरह की और पहल आवश्यक हैं। सांस्कृतिक संदर्भों में सकारात्मक मासिक धर्म संदेशों को बुनने के लिए स्थानीय कहानी और पारंपरिक आख्यानों को प्रोत्साहित करें। मासिक धर्म स्वास्थ्य पर सांस्कृतिक रूप से संवेदनशील सलाह देने के लिए स्वास्थ्य पेशेवरों को प्रशिक्षण प्रदान करें। मासिक धर्म सम्बंधी विकारों और महिलाओं के स्वास्थ्य पर उनके प्रभावों पर शोध का समर्थन करें, यह सुनिश्चित करते हुए कि स्वास्थ्य सेवा नीतियाँ इन मुद्दों को सम्बोधित करती हैं।

मासिक धर्म स्वास्थ्य को एक मौलिक मानव अधिकार और एक सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता के रूप में मान्यता दी जानी चाहिए, न कि एक कलंक। एक व्यापक रणनीति जो शिक्षा, बुनियादी ढांचे में सुधार और कानूनी सुधारों को जोड़ती है, वह गरिमा और समानता को बढ़ावा दे सकती है, जिससे मासिक धर्म महिलाओं के स्वास्थ्य का एक मान्यता प्राप्त और समर्थित पहलू बन सकता है।

# बुरा न मानो, होली है



होली एक जीवंत और रंगीन उत्सव है जो प्रेम, एकता और एकजुटता का प्रतीक है। यह हमारे मतभेदों को दूर करने और सद्भाव, क्षमा और खुशी को अपनाने का समय है। यह सर्दियों के अंत का आभार व्यक्त करने का एक रंगीन तरीका है और वसंत के आगमन का प्रतीक है। यह बुराई पर अच्छाई की जीत का जश्न मनाने और हिंदू किंवदंतियों को याद करने के बारे में है। आइए हम अपने पर्यावरण का सम्मान करने और एक स्थायी और पर्यावरण के अनुकूल तरीके से जश्न मनाने के महत्व को भी ध्यान में रखें। आपको एक शानदार होली की शुभकामनाएँ! –डॉ. सत्यवान 'सौरभ'

रंगों के त्यौहार के रूप में जाना जाने वाला यह जीवंत त्योहार, लोगों को एक-दूसरे पर खुशी से रंगीन पाउडर और पानी फेंकने का है। ब्रज में, विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के मथुरा-वृंदावन क्षेत्र में होली का उत्सव कृष्ण के बचपन और राधा और कृष्ण की कहानियों से गहराई से जुड़ा हुआ है, जिसमें कई दिनों तक जीवंत उत्सव मनाया जाता है। पंजाब के आनंदपुर साहिब में, होली के अगले दिन उत्सवों से भरा होता है, जिसमें सिख समुदाय के एक समूह द्वारा नकली लड़ाई और तीरंदाजी और तलवारबाजी की प्रतियोगिताएँ शामिल हैं। सबसे उत्साही और हर्षोल्लासपूर्ण हिंदू त्योहारों में से एक के रूप में, होली भारत में सभी क्षेत्रों के लोगों को एक साथ लाती है। कई भारतीय त्यौहारों की तरह होली का भी धार्मिक महत्त्व है। इस उत्सव से जुड़ी सबसे प्रसिद्ध कहानी हिरण्यकश्यप की बहन होलिका की कहानी है। प्राचीन ग्रंथों के अनुसार, हिरण्यकश्यप एक राक्षस था जो भगवान विष्णु का विरोधी था, फिर भी उसका बेटा प्रह्लाद भगवान विष्णु का समर्पित भक्त था। अपने बेटे को खत्म करने के लिए हिरण्यकश्यप ने होलिका के साथ साज़िश रची, जिसके पास एक वरदान था जिससे वह आग से बच सकती थी। हालाँकि, इसका नतीजा हिरण्यकश्यप के इरादों के विपरीत था। जब होलिका प्रह्लाद के साथ आग में गई, तो वह जलकर मर गई जबकि प्रह्लाद सुरक्षित बच गया। इस घटना ने होली उत्सव की शुरूआत की। पौराणिक कथाओं में, भगवान कृष्ण को अक्सर काले रंग के साथ दिखाया जाता है, जबकि उनकी दोस्त राधा को गोरे रंग की बताया जाता है। इस अंतर के कारण कृष्ण को राधा से थोड़ी ईर्ष्या होने लगी और वह अक्सर अपनी माँ यशोदा से अपनी चिंताएँ व्यक्त करते थे। एक दिन यशोदा ने सुझाव दिया कि कृष्ण को राधा के चेहरे पर वह रंग लगाना चाहिए जो उन्हें पसंद हो। इसलिए, होली के दिन, कृष्ण ने राधा को अपनी पसंद का रंग पहनाया। तब से होली का त्यौहार कृष्ण के गृहनगर मथुरा और ब्रज में एक जीवंत उत्सव है।

होली पूरे भारत में मनाई जाती है, लेकिन उत्तर में इसका विशेष महत्त्व है, जहाँ यह बुराई पर अच्छाई की जीत और प्रेम की दिव्य प्रकृति का प्रतीक है, जो भाईचारे और सद्भाव को बढ़ावा देता है। ₹बुरा न मानो₹ की भावना दिलों में भर जाती है जब दोस्त मेल-मिलाप करते हैं, गलतफहमियों को दूर करते हैं। यह सामूहिक क्षमा का समय है, जहाँ लोग प्यार को गले लगाते हैं और पिछली शिकायतों को भूल जाते हैं। होली से पहले के दिनों में, लोग अलाव के लिए लकड़ियाँ इकट्ठा करते हैं, जश्न मनाने के लिए आग में डालने के लिए अनाज, नारियल और छोले जमा करते हैं।

# भारतीय वैदिक संस्कृति का अत्यंत पावन व प्रेम पूर्ण त्योहार है होली : महामंडलेश्वर साध्वी राधिका साधिका पुरी

वेलकम इंडिया



**वृन्दावन।** छटीकरा रोड़ स्थित कपिल कुटीर सांख्य योग आश्रम में ठाकुर श्रीराधिका बिहारी जू महाराज का 20 वाँ त्रिदिवसीय पाटोत्सव एवं होली महोत्सव विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत दूसरे दिन संत -विद्वत सम्मेलन का आयोजन सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर आयोजित संत-विद्वत सम्मेलन में अपने विचार व्यक्त करते हुए महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. आदित्यानंद महाराज एवं विश्वविख्यात भागवत प्रवक्ता आचार्य रामविलास चतुर्वेदी ने कहा कि रंगभरनी एकादशी ब्रज का एक महत्वपूर्ण त्योहार है। आज के ही दिन से समूचे ब्रज में घनघोर रंगभरी होली का शुभारम्भ हो जाता है। इसी दिन से श्रीधामवृन्दावन के प्राचीन सप्त देवालय रंग से सराबोर होने लग जाते हैं। साथ ही प्राचीन काल के संतों द्वारा प्रारम्भ की गई परम्परा नुसार ब्रजवासी एवं भक्त-श्रद्धालु श्रीधाम वृन्दावन की पंच कोसीय परिक्रमा अत्यंत श्रद्धा व धूमधाम के साथ करते हैं।

महामंडलेश्वर साध्वी राधिका साधिका पुरी (जटा वाली मां) एवं स्वामी भुवनानंद महाराज ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व होली भारतीय वैदिक संस्कृति का अत्यंत पावन व प्रेम पूर्ण त्योहार है। यह सामाजिक सौहार्द्र व समरसता का भी पर्व है। इसीलिए हमारे सदगुरुदेव ने आज के ही दिन 19 वर्ष पूर्व ठाकुर राधिका बिहारी जू महाराज को कपिल कुटीर सांख्य योग आश्रम में प्रतिष्ठित किया था।

वरिष्ठ साहित्यकार व महोत्सव के समन्वयक डॉ. गोपाल चतुर्वेदी एवं प्रमुख समाजसेवी पंडित बिहारी लाल वशिष्ठ ने कहा कि होली का पर्व हमें यह सन्देश देता है कि जिस प्रकार भक्त प्रह्लाद के समक्ष होलिका का कोई महत्व नहीं रहा,उसी प्रकार पुण्य के समक्ष पाप का कोई अस्तित्व नहीं है। सत्य सदैव ही असत्य पर विजय प्राप्त करता है।

प्रख्यात भागवत प्रवक्ता आचार्य विपिन बापू एवं आचार्य बद्रीश महाराज ने कहा कि जीवात्मा का परमात्मा के साथ महाभाव की स्थिति में अवस्थित हो कर के परमात्मा के साथ मिलन ही यथार्थ की होली है। गोपियां महाभावा स्वरूपा हैं, इसीलिए श्रीकृष्ण रूपी आनंद सिंधु में उनके साथ साक्षात रूप से गोपियां अवगाहन करती हैं।

महोत्सव में महामंडलेश्वर नवल गिरि महाराज, महंत ब्रह्मानंद महाराज, भागवताचार्य डॉ. रामदत्त मिश्रा, प्रमुख भाजपा नेता रामदेव सिंह भगौर, बसपा नेता देवीसिंह कुंतल, युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा, संत रासबिहारी दास, बाल व्यास ध्रुव शर्मा, साध्वी पूर्णिमा साधिका, साध्वी नमिता साधिका, साध्वी सीता साधिका, राम प्रकाश सक्सेना, डॉ. लक्ष्मी सक्सेना, पप्पू सरदार, पवन गौतम, राजू शर्मा, पुरुषोत्तम गौतम, बीके सूतैल आदि की उपस्थिति विशेष रही।संचालन डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने किया।इससे पूर्व ठाकुर श्रीराधिका बिहारी महाराज की गाजे-बाजे के मध्य समूचे नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई।जिसमें सैकड़ों भक्त-श्रृद्धालु नाचते-झूमते हुए शामिल हुए।कार्यक्रम के अंतर्गत संतों व विद्वानों ने महामंडलेश्वर साध्वी राधिका साधिका पुरी जटा वाली मां का सम्मान किया।

## पुलिस ने 801.5 ग्राम अवैध गाँजा के साथ 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजीत चौहान के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष थाना दुधारा इन्द्रभूषण सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 अजीत प्रताप सिंह, हे0का0 सुशील यादव, हे0का0 दुर्गेश कुमार, का0 अर्जुन प्रसाद, का0 रंजन कुमार, का0 मनीष यादव ने चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन व भ्रमण क्षेत्र के दौरान अभियुक्त मो0 अली पुत्र अली मोहम्मद निवासी उचहराकला थाना दुधारा को सोमवार को ग्राम उचहराकला के पास से कुल 801.5 ग्राम अवैध गाँजा के साथ माननीय सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के आदेशों-निदेर्शों का अक्षरः पालन करते हुए गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

थानाध्यक्ष इन्द्रभूषण सिंह ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति के विरुद्ध मु0अ0स0 56/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# होली एवं ईद के पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक संपन्न



वेलकम इंडिया

**हापुड़।** जनपद की जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा व पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह की अध्यक्षता में दिनांक 13 तथा 14 मार्च 2025 को होली के त्यौहार को शांतिपूर्ण सौहार्दपूर्ण रूप से मनाने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।जिलाधिकारी ने होली व ईद के अवसर पर साफ-सफाई रखने के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी तथा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका से हर स्थान पर साफ सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सफाई करने के लिए संबंधित सफाई कर्मी की ड्यूटी रोस्टर बना करके हर हालत में लगा दी जाए जिससे किसी भी प्रकार की सफाई संबंधी समस्या ना उत्पन्न होने पाए। इसके अलावा सभी तहसीलों के उप जिलाधिकारी तथा पुलिस उप अधीक्षक अपने-अपने स्तर पर पीस कमेटी की बैठक करके तहसीलों में शांति का माहौल का तैयार करें।

जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारी को सख्त निर्देश दिया कि होलिका दहन के स्थल पर तार उचित दूरि पर हो। ऐसा ना हो की होलिका दहन से किसी स्थान पर तारों के कारण किसी प्रकार की अनहोनी की घटना होने पाये। उन्होंने कहा कि किसी भी अधिकारी के लापरवाही से कोई घटना होने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कहा कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर एंबुलेंस को तैयार रखा जाए तथा रोस्टर बनाकर के डॉक्टरों की ड्यूटी लगा दी जाए। उन्होंने कहा कि इस बार होली व जुम्मे की नमाज एक ही दिन पर पढ़ रही है इसलिए सभी लोग आपस में भाईचारे की भावना रखते हुए दोनों पर्वों को शांति एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से बनाएं।

# विद्यालय में रखे अनाज व अन्य सामानों पर चोरों ने किया हाथ साफ



**संतकबीरनगर।** कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मीपुर उर्फ निचौरा स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय के रसोई घर का दरवाजा का ताला तोड़कर उसमें रखा अनाज व अन्य सामानों पर चोरों ने अपना हाथ साफ कर सामान चुरा लेगये।प्रधानाचार्य राजेश कुमार सिंह ने इसकी लिखित तहरीर कोतवाली पुलिस को देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। प्रधानाचार्य राजेश कुमार सिंह ने कोतवाली पुलिस को लिखे अपने तहरीर में कहा है कि विद्यालय पहुंचने पर रसोई घर का ताला टूटा व गायब था।दरवाजा खोलकर अंदर जाने पर देखा तो कंटेनर में रखा लगभग दो कुंतल चावल,लगभग 50किलो गेंहू,कूकर,दो भगौना व थाली आदि गायब थी।उन्होंने कोतवाली पुलिस से प्रथम सूचना दर्ज कर अज्ञात चोरों के खिलाफ कारवाई की मांग की है।

# सीडीओ की अध्यक्षता में आंगनबाड़ी कार्यकत्री चयन समिति की बैठक सम्पन्न



वेलकम इन्डिया

**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा की अध्यक्षता में विकास भवन कक्ष में आंगनबाड़ी कार्यकत्री चयन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में भौतिक सत्यापन उपरान्त अभिलेखों को पुनः सत्यापन करने के लिये दिनांक 11 मार्च 2025 को विकास भवन सभागार में 17 जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा कराया जाना निर्णीत हुआ है।मुख्य विकास अधिकारी ने आंगनबाड़ी चयन की वरीयता क्रम बीपीएल विधवा, बीपीएल तलाकशुदा/परित्यक्तता, बीपीएल (सर्वाधिक मेरिट), एपीएल विधवा, एपीएल तलाकशुदा/परित्यक्तता, एपीएल (सर्वाधिक मेरिट) आदि शासनादेश के समस्त मानकों का पालन करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में चयन समिति के सदस्य सचिव जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्योति शाक्य, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रियंका सोनी, जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार सहित अन्य समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# सद्भावना साइकिल यात्रा पर मगहर पहुंचे

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** हमारा देश अनेकों धर्मों, समुदायों, भाषाओं का देश है।इसे नेहरु ने अनेकता में एकता और इसे भारत के लम्बे समय तक बचे रहने का मुख्य कारण बताया था।इकबाल ने इसे ही इस शेर के माध्यम से इजहार किया है कि ₹कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी,सदियों रहा है दुश्मन दौरे जहां हमारा₹ ।भारत एक सुन्दर बगिया की तरह है जिसमें अलग अलग पुष्प और चिड़ियाँ इसकी खूबसूरती में चार चाँद लगाते हैं।₹उक्त बातें महात्मा गांधी के शहादत दिवस 30जनवरी से राजघाट दिल्ली से सदभावना साइकिल यात्रा पर निकले सद्भावना संस्थान पालमपुर कांगड़ा हिमाचल प्रदेश के समाजसेवी व मानवाधिकार कार्यकर्ता हिमांशु कुमार ने मगहर पहुंचकर कबीर की समाधि व मजार का दर्शन करने के बाद पत्रकारों से वार्ता के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि भारत के बचे रहने की मुख्य शर्त यही है।कि यहाँ अलग अलग धर्मों और समुदायों के बीच आपसी सम्मान और प्रेम बना रहे।इस अनेकता में एकता और आपसी प्रेम को अनेकों संतों, फकीरों ने हमेशा पैदल यात्राओं के माध्यम से मिलना जुलना,उनसे बातचीत करना,साथ ही इसे गीत संगीत के माध्यम से आगे बढ़ाया और मजबूत भी किया है। इसलिए हम भी भारत की धरती में सिंचित संतों और फकीरों की प्रेरणा से एक साइकिल यात्रा भारत की सद्भावना को बल देने के लिए कर रहे हैं । कबीर ने आपसी सद्भाव,आपसी प्रेम,जाती धर्म के बंधनों से ऊपर उठकर मानवता की बात की है।समाज को एक सूत्र में भंधने का जीवन भर प्रयास किया था।आगे बताया कि यह यात्रा महात्मा गाँधी की समाधि राजघाट से गांधी शाहदत दिवस 30 जनवरी से शुरू होकर मगहर में संत कबीर की समाधि, वहाँ से संत रैदास की समाधि काशी,वहाँ से महात्मा बुद्ध की समाधि कुशीनगर पर 13मार्च को समाप्त होगी।यह यात्रा साईकिल पर की जारही है।इसमें युवा सामाजिक कार्यकर्ता तथा इच्छुक व्यक्ति भी समय देने के साथ ही यात्रा में शामिल होरहे हैं।उन्होंने लोगों से अपील है कि आपके इलाके में इस यात्रा के गुजरने पर आप भी इसमें शामिल होकर भारत मे एकता,सदभावना को मजबूत करने में अपनी सहभागिता प्रदान करें।इस दौरान उन्होंने गांधी आश्रम का भी भृमण किया।

इस मौके पर सपा के जिला उपाध्यक्ष सेराज खान,गुलाम हुसैन, पूर्व सभासद परवेज कौसर, मुश्ताक खान,मुजीबुल्लाह अंसारी,गयासुद्दीन खान,सभासद प्रतिनिधि सुहेल अख्तर आदि मौजूद रहे।

# मां दिव्यशक्ति फाउंडेशन ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

वेलकम इंडिया




**मथुरा/शेरगढ़।** क्षेत्र के गांव खुर्शी में माँ दिव्यशक्ति फाउंडेशन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं ने अबीर गुलाल पुष्प वर्षाकर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर धूमधाम से होली मिलन समारोह मनाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ श्री माँ दिव्यशक्ति के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।

इस अवसर पर श्री मां दिव्याशक्ति फाउंडेशन की अध्यक्ष नीलम गोस्वामी ने ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं जो कि स्व-स्वावलंबन हेतु डेरी उद्योग, बैंक सखी, सिलाई उद्योग एवं अन्य प्रकार के लघु कुटीर उद्योग चलाती हैं उनको पटका पहना कर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

महिलाओं के साथ विभिन्न प्रकार के खेल- खेले गए। विजेता घोषित हुई महिलाओं को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया. फाउंडेशन के सभी सदस्यों ने क्षेत्र की महिलाओं के साथ अबीर गुलाल लगाकर और पुष्प वर्षा कर होली खेली। वहीं फाउंडेशन की अध्यक्ष नीलम गोस्वामी ने कहा कि वैसे तो पूरा वर्ष महिलाओं का होता है लेकिन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर फाउंडेशन ने उन ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं का सम्मान किया जो विषम परिस्थितियों में अपने घर से निकलकर स्वरोजगार के माध्यम से समाज की और महिलाओं को आगे आने की प्रेरणा देती है.मैं महिलाओं से कहूँगी कि वे पूरे आत्मविश्वास, लगन और मेहनत से अपने जीवन में आगे बढ़ें और देश तथा समाज के निर्माण में अपना योगदान दें। मेरी शुभकामनाएं आपके साथ है। आप सभी को एक बार फिर अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बहुत-बहुत बधाई। वहीं कार्यक्रम की संयोजिका अंजू सिंह गुर्जर ने बताया कि सरकार के द्वारा महिलाओं को विभिन्न प्रकार के लघु उद्योग शुरू करने के लिए बैंक के द्वारा लोन की सुविधा उपलब्ध है जिसके द्वारा ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं भी अब अपने सपने पूरा कर सकती है। महिलाओं के लिए आरक्षण का प्रावधान उनके राजनीतिक सशक्तीकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। जमीनी स्तर पर महिलाओं को सशक्त और स्वावलंबी बनाने के लिए स्वयं सहायता समूहों से उन्हें जोड़ा जा रहा है। वे आर्थिक आत्मनिर्भरता प्राप्त करें, इसके लिए लखपति दीदी कार्यक्रम चल रहा है। नमो ड्रोन दीदी योजना भी महिलाओं के आर्थिक और तकनीकी सशक्तीकरण का माध्यम बन रही है।

इस अवसर पर फाउंडेशन से समाज सेविका सपना शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यक्रम के दौरान मां दिव्यशक्ति फाउंडेशन की अध्यक्ष नीलम गोस्वामी, कार्यक्रम संयोजक अंजू सिंह गुर्जर, सपना शर्मा, फूलमाला, नीरज देवी, पूनम देवी, पूजा कुमारी, मीनू गौड़, शशि देवी, आरती ठाकुर , मीना कुमारी, महेंद्र कुमारी, बाला देवी ,सहित अन्य सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रहीं।

# ब्लूमिंग बड्स स्कूल मेंन ब्रांच में ब्रेकफास्ट विथ प्रिंसिपल का हुआ भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** ब्लूमिंग बड्स स्कूल के सभी ब्रांचों में ब्रेकफास्ट विथ प्रिंसिपल का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा तृतीय से पांचवी तक के बच्चों के अभिभावकों ने भाग लिया। अभिभावकों ने अपने पाल्य के संबंध में कक्षा अध्यापक एवं विषय अध्यापकों से अपने सुझावों का आदान-प्रदान किया।

तत्पश्चात सभी अभिभावकों ने विद्यालय के प्रधानाचार्य के साथ ब्रेकफास्ट भी किया और कहा कि इस संस्था ने हमारे बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया है। साथ ही साथ प्रत्येक रविवार को आयोजित होने वाली चतुर्थ साप्ताहिक प्रवेश परीक्षा का भी आयोजन किया गया। जिसमें सभी ब्रांचो पर नवीन प्रवेशार्थियों ने प्रतिभा किया। जिसका परीक्षा परिणाम कल 10 मार्च 2025 दिन सोमवार को घोषित किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंध निदेशिका श्रीमती पुष्पा चतुर्वेदी ने कहा कि विद्यार्थियों के अभिभावकों के साथ संपर्क स्थापित करने के लिए नियमित संवाद, सकारात्मक और सक्रियता महत्वपूर्ण है। और अभिभावकों को बच्चों की प्रगति और स्कूल में उनकी भूमिका के बारे में जानकारी रखें।और उनके सवालों और चिंताओं को सुने। विद्यालय परिवार विद्यार्थियों के अध्यापन कार्य के साथ-साथ पाठ्य सगामी क्रियाओं पर विशेष बल दिया जाता है। जिससे बच्चों का सर्वाधिक विकास हो सके।

इस अवसर पर विद्यालय के कोऑर्डिनेटर विजय कुमार राय ,रवि प्रताप सिंह, श्री मती राजश्री चतुर्वेदी , कु ङ्काजल चौबे, प्रधानाचार्य शैलेश त्रिपाठी, प्रधानाचार्य दिनेश चंद्र, पांडे, कोऑर्डिनेटर रिया मेहता,उप प्रधानाचार्य अनूप विश्वकर्मा,रितेश त्रिपाठी,डॉ नागेंद्र सिंह ,विनोद मिश्रा सहित अन्य शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# एनडीआरएफ और जिला आपदा प्राधिकरण ने संयुक्त रूप से किया भूकंप से बचाव का मॉकड्रिल का अभ्यास

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के निर्देश के क्रम में आज भूकंप आपदा पर आधारित संयुक्त अभ्यास 11 एनडीआरएफ आरआरसी गोरखपुर और अन्य हितधारकों के साथ मिलकर हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मॉक ड्रिल का अभ्यास किया गया।

एनडीआरएफ के उपमहानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में एनडीआरएफ समन्वयक व मुख्य एजेंसी की उपस्थिति में संपन्न हुए इस माकड्रिल में तमाम विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस मेगा मॉक ड्रिल अभ्यास का संपूर्ण नेतृत्व एनडीआरएफ के निरीक्षक सुधीर कुमार द्वारा संचालित किया गया। मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपदाओं के दौरान राहत व बचाव कार्य की तैयारी जांचना एवं विभिन्न एजेंसियों के मध्य समन्वय स्थापित करना था।

हीरालाल रामनिवास स्नाकोत्तर महाविद्यालय संतकबीर नगर में सुबह 12.50 बजे मॉक ड्रिल की शुरूआत हुई, 01.10 बजे अचानक स्कूलों की आपातकालीन घंटी बजी। छात्रों को भूकंप आने की सूचना दी गई। क्योंकि छात्र पहले से ही, प्रशिक्षित हैं कि भूकंप के दौरान क्या करना चाहिए इसलिए छात्र घबराए नहीं बल्कि सावधानी से डेस्क के नीचे सर ढंककर बैठ गए और डेस्क को कसकर पकड़ लिया। भूकंप थमने के बाद छात्र खुले स्थान पर इकट्ठा हुए जहां उनका हेड काउंट किया गया यह ड्रिल करीब 45 मिनट तक चलता रहा।

तत्पश्चात इसकी सूचना एनडीआरएफ टीम को दी गई जो कि मौके पर निरीक्षक सुधीर कुमार की टीम घटना स्थल पर पहुंची और टीम द्वारा तुरंत ही बचाव और राहत कार्य शुरू कर दिया गया।

भूकंप से बचाव हेतु मॉक ड्रिल के दौरान सूचना दी गई कि कुछ लोग बिल्डिंग के ऊपरी मंजिल में फंसे हुए हैं जहां पहुंचना बहुत ही मुश्किल था, परंतु एनडीआरएफ की रोप रेस्क्यू टीम के बचावकर्ता रोप तकनीकों का इस्तेमाल कर बिल्डिंग के ऊपरी मंजिल पर पहुंचकर फंसे हुए लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। एनडीआरएफ की टीम का यह कार्य सराहनीय रहा। इसी दौरान सूचना मिलती है कि बिल्डिंग के भूतल में भी कुछ लोग फंसे हैं। एनडीआरएफ की सीएसएसआर टीम के बचावकर्ता अत्याधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल करते हुए दीवार को काटकर पीड़ित तक पहुंचे, उनको फर्स्ट एड दिया और सुरक्षित बाहर निकाल कर अस्पताल के लिए रवाना किया। मॉकड्रिल का उद्देश्य आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए लोगों को तैयार करना, प्रतिक्रिया समय और समन्वय को बेहतर बनाना, लोगों को सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक करना एवं संसाधनों और प्रक्रियाओं की जांच करना था।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी खलीलाबाद शैलेश दुबे, तहसीलदार खलीलाबाद जनार्दन, प्रधानाचार्य बृजेश कुमार त्रिपाठी एवं आपदा प्रबंधन से आपदा विशेषज्ञ कृष्णा गुप्ता एवं अग्निशमन विभाग, मेडिकल विभाग के चिकित्सक एवं कर्मचारी, एनडीआरएफ के निरीक्षक सुधीर कुमार, निरीक्षक दीपक मंडल एवं एनडीआरएफ के अन्य रेस्क्यूअर आदि उपस्थित रहे।



## होली पर हुड़दंग किया तो हवालात में मनेगी होली

**बुगरासी।** होली पर किसी ने भी हुड़दंग किया तो हवालात की हवा खानी पड़ेगी। क्षेत्र में होली के मद्देनजर सभी गांवों में रात दिन गस्त की जा रही है। उक्त बातें चौकी प्रभारी बुगरासी सोबरन सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये जो भी करना पड़ेगा करूंगा। कस्बे के मुख्य मार्गों बाजार में अक्षर युवक बीच सड़क पर खडे बात करते रहते हैं और आने जाने वालों को उनसे बच बच के निकलना पड़ता है।।उनमे महिला व बच्चे भी होते हैं। इसलिए बाजार में बीच सड़क पर खड़े दिखाई दिये तो सख्त कार्रवाई की जायेगी।इसी तरह चौकी क्षेत्र के प्रत्येक गांव किसी शरारती तत्व ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की तो उसको कानून का मतलब स हमेंमझा दिया जायेगा।होली को शांति से मनाने के लिये चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रहेगी।

# गीता शोध संस्थान और ब्रज कला केंद्र का 'नित्य रास' का शानदार मंचन हुआ

वेलकम इंडिया



**मथुरा/वृंदावन।** गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी के प्रशिक्षुओं द्वारा ब्रज कला केंद्र एवं ब्रज संगीत विद्यापीठ मसानी चौराहा के संयुक्त तत्वावधान में केन्द्र के प्रेक्षाग्रह में होलिकोत्सव 2025 मनाया गया।

इसके अंतर्गत रास रंग का रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन बहुत ही धूमधाम के साथ गीता शोध संस्थान वृंदावन के निदेशक प्रो दिनेश खन्ना जी के निर्देशन में मनाया गया। रिहर्सल समन्वयक चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार की देखरेख में की गयी।

अकादमी के प्रशिक्षक पंडित आकाश शर्मा के संयोजन में पंडित सुनील पाठक, तबला/ पखावज वादक, पंडित मनमोहन कौशिक, सारंगीवादक, पंडित नदीराम शर्मा वशीवादक, स्वामी घनश्याम भारद्वाज तथा जगदीश पथसारिया सभी का विशेष सहयोग रहा। नृत्य संयोजन सुश्री रोचना शर्मा ने किया।

प्रशिक्षुओं में नित्यरास की प्रस्तुति में कीर्ति गोस्वामी, पारुल किशोरी, प्राची डे, शनाया शर्मा, राधा सिंह, नीलम, अंजली चौधरी, कविता चौधरी, आकांक्षा शर्मा, रोशनी शर्मा, प्रियंका शर्मा, पायल शर्मा सभी ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। नित्यरास की इस अनुपम प्रस्तुति में सर्वप्रथम मंगलाचरण का नृत्य के साथ अभिनय हुआ और ₹अनुपम माधुरी जोड़ी, हमारे श्याम श्यामा की₹ पद का मनोहारी छवि के साथ अभिनय नृत्य बहुत ही सुखद अनुभूति के साथ प्रस्तुत हुआ। ₹आरती कुंज बिहारी की₹ सभी दर्शक भाव विभोर हो गए। ₹वृंदावन बानिक बनो भ्रमर करत गूंजर, दुल्हन प्यारी राधिका दूल्हे नंद कुमार₹ में दर्शकों ने खूब ताली बजाई। चलो चलो री किशोरी वृंदावन में से पूरा दृश्य वृंदावनमय हो गया। अंत में आज रचो रास रंग में ठाकुर जी के रास में श्री राधा कृष्ण का कथक नृत्य हुआ और श्री कृष्ण के वचनामृत में मैं निज भक्तन हाथ बिकाऊ, आठों याम हृदय में राखूं, पलक नहीं बिसराऊं के साथ ठाकुर जी ने सभी को भाव विभोर कर दिया।

ब्रज कला केंद्र, मथुरा तथा ब्रज संगीत विद्यापीठ द्वारा सभी बच्चों को एवं सभी प्रशिक्षकों को ट्रॉफी एवं प्रसाद वितरण के साथ सम्मानित किया गया। इसके लिए गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी के निदेशक महोदय प्रोफेसर दिनेश खन्ना जी ने ब्रज कला केंद्र के सभी पदाधिकारियों का बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया औरंगाबाद अपील की कि भविष्य में ब्रज कला केंद्र मथुरा गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी को इसी प्रकार सहयोग करते रहें जिससे हमारे सभी प्रशिक्षुओं और प्रशिक्षकों का मनोबल बढ़ता रहे।

## डेरवा बाजार मे कपडा व्यवसायी भतीजे को चाचा ने मारी गोली हालत गभीर

**प्रतापगढ।** जेठवारा थाना क्षेत्र के मोतीराम का पुरवा/लक्षमन का पुरवा के पास बीती रात्रि 11:30 के लगभग डेरवा बाजार मे सूरत साडी सेंटर के नाम से कपडे की दुकान चलाने वाले कल्पनाथ पाण्डेय (पप्पू) के २२ वर्षीय पुत्र अंकित को परिवार के ही चाचा ने गाली देने से मना करने पर गोली मार दी जो पेट को चीरते हुए निकल गई। डेरवा बाजार के राजा भैया मार्केट मे प्रतिष्ठित कपडा व्यवसायी कल्पनाथ पाण्डेय की सूरत साडी सेन्टर नाम से दुकान है।जिनके घर हाल ही मे शादी का आयोजन हुआ था जिसकी खूशी मे महिलाए घर मे नाच गाना कर रही थी। इसी बीच आर्मी से रिटायर अंकित के चाचा रामबोध पाण्डेय उर्फ बमशकर ने गाव के ही निवासी पूर्व प्रधान राजू दुबे को अकित के घर के सामने आ गालिया बकते हुए गोली मारने की बात करने लगा। चाचा ने अपनी लाईसेन्सी पिस्टल से अकित को गोली मार दी जो अंकित के पेट को चीरते निकल गयी और अकित वही गिर पडा।

# महिलाएं समाज की आधारशिला : महापौर

वेलकम इंडिया



**नई दिल्ली।** महिलाएं समाज की आधारशिला हैं। हमें उनके अधिकारों, सम्मान और स्वावलंबन के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। यह विचार जयपुर की महापौर श्रीमती कुसुम यादव ने एंप्रेस क्लब और नारायणा अस्पताल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। विशिष्ट अतिथि मिसेज इंडिया पेजेंट विजेता श्रीमती श्वेता मेहता मोदी ने कहा हर महिला में अद्भुत क्षमता होती है, जरूरत है तो बस आत्मविश्वास और सही मार्गदर्शन की।

इस अवसर पर महिलाओं के शिक्षा, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण के विषयों पर भी चर्चा की गई। नारायणा अस्पताल के फैसिलिटी मैनेजर बलविंदर सिंह ने महिलाओं के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया, जिसमें कई महिलाओं ने लाभ उठाया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां,प्रेरक कहानियां और विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विजेताओं को सम्मानित किया गया और सभी उपस्थित महिलाओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

एंप्रेस क्लब की अध्यक्षा खुश्बू शर्मा और उपाध्यक्ष नीता अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया और भविष्य में भी महिलाओं के हित में इस प्रकार के आयोजन करने का संकल्प व्यक्त किया।

# स्मार्ट सिटी बरेली में जगह-जगह खोदीं गई सड़कों पर महीनों से लटका निर्माण कार्य



वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** शहर को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए शहर में जहां-तहां खुदाई का ऐसा सिलसिला शुरू हुआ जो बंद होने का नाम ही नहीं ले रहा है। कहने को स्मार्ट सिटी के काम पूरे हो चुके हैं लेकिन फिर भी जहां-तहां चौराहों और सड़कों को खोदा जा रहा है और यही नही सड़कों को खोदकर लंबे वक्त के लिए छोड़ दिया जा रहा है। इससे एक तरफ सड़कों पर पड़े मिट्टी के ढेर लोगों की दिक्कतों का कारण बन गए हैं तो वहीं दूसरी तरफ गहरे गड्ढे भी उनके लिए भारी खतरा बने हुए हैं। शहर में लगातार चल रहे निर्माण कार्य इसलिए और लोगों की दिक्कतें बढ़ा रहे हैं क्योंकि कार्यदायी संस्थाएं नियमों का पालन नहीं कर रही हैं। सबसे ज्यादा मनमानी ये है कि जिन कामों को कुछ दिनों में पूरा हो जाना चाहिए, उन्हें महीनों तक लटकाया जा रहा है। प्रशासन और नगर निगम के अफसर भी उन पर निगरानी की अपनी जिम्मेदारी पूरी नहीं कर रहे हैं। शहर के गली मोहल्ले ही नहीं, भारी भीड़भाड़ वाले प्रमुख स्थानों पर भी गहरी गहरी खुदाई कर जस का तस छोड़ दिया गया है। खुदाई वहां भी कराई जा रही है जहां कुछ ही समय पहले स्मार्ट सिटी कंपनी की ओर से फुटपाथ का निर्माण कराने के साथ सौंदर्यीकरण कराया गया था। साल भर पहले बने कई फुटपाथ खुदाई से पूरी तरह बर्बाद हो गए हैं। नगर निगम में कोई यह भी देखने को तैयार नहीं है कि करोड़ों की लागत से बनाए गए ये फुटपाथ किसकी अनुमति से खोदे गए और दोबारा उनका निर्माण क्यों नहीं कराया गया।

कई जगह नगर निगम को रोड कटिंग का पैसा देकर परमिशन लेने के बाद खुदाई की गई है। साल भर के अंदर नगर निगम को इस मद में दो करोड़ रुपये मिले हैं, लेकिन अफसरों ने इसमें से अब तक एक पैसे का इस्तेमाल खोदी गई सड़कों का दुबारा निर्माण कराने में नहीं किया है। इस वजह से जहां सड़कें खोदी गईं, वहां लोग दिक्कत में हैं। इनमें कई ऐसी सड़कें हैं जो नई-नई बनी थीं। अब ये उखड़कर और ज्यादा खराब हो रही हैं। इस पूरे घटनाक्रम में दिलचस्प बात ये भी है कि एक तरफ सरकार शहर में प्रदूषण नियंत्रण के लिए अलग-अलग योजनाओं के तहत करोड़ों का बजट दे रही है, दूसरी तरफ अफसर इतनी तक जिम्मेदारी निभाने को तैयार नहीं हैं कि शहर में प्रदूषण बढ़ने से रोकने के लिए नियमों का सख्ती से पालन कराएं। अब स्थिति यह है कि सरकारी निर्माण कार्यों में भी नियमों का पालन नहीं हो रहा है। मिट्टी के ढेरों और निर्माण सामग्री को खुला छोड़ दिया गया है। मौसम खुश्क होने के साथ इन ढेरों से धूल उड़ने लगी है। कई इलाकों में धूल की वजह से लोगों को मुश्किलें झेलनी पड़ रही हैं।

## मथुरा महानगर कांग्रेस ने

# संगठन सृजन अभियान के तहत किया बैठक का आयोजन हुआ

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** संगठन सृजन अभियान के तहत महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि की अध्यक्षता में वार्ड नंबर 54 की बैठक महोली रोड स्थित उपाध्यक्ष मानवेंद्र पांडव के निवास स्थान पर हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष रणवीर पांडव ने कहा कि वार्ड स्तर, बूथ स्तर पर महानगर कांग्रेस कमेटी मथुरा द्वारा चलाए जा रहे संगठन सर्जन अभियान से पार्टी व संगठन को निश्चित ही मजबूती मिलेगी।

अध्यक्षता करते हुए महानगर अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि ने कहा कि महानगर कांग्रेस द्वारा संगठन सृजन अभियान के तहत महानगर के प्रत्येक वार्ड में पार्टी के निष्ठावान समर्पित कार्यकताओं को वार्ड अध्यक्ष की जिम्मेदारी एवं प्रत्येक बूथ पर दो प्रभारी बनाए जाएंगे, और जो भी कांग्रेस का कार्यकर्ता वार्ड अध्यक्ष बनने के इच्छुक हो वह अपना आवेदन पार्टी महानगर कार्यालय में जमा कर सकते हैं। कांग्रेस पार्टी द्वारा जन समस्याओं को एकत्रित कर बहुत ही जल्द रूपरेखा बनाकर आंदोलन किया जाएगा और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी एवं राहुल गांधी जी व श्रीमती प्रियंका गांधी जी से प्रभावित होकर सत्यम चतुर्वेदी ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इंडिया गठबंधन मथुरा लोकसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश धनगर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता की समस्याओं को लेकर बेहद ही गंभीर है, भाजपा के कुशासन से जनता परेशान है, जनता भाजपा से छुटकारा पाना चाहती ,है अधिकारी गण जनता की समस्याओं को सुनते नहीं है, लेकिन कांग्रेस पार्टी जनता की उपेक्षा को सहन नहीं करेगी।

संचालन महानगर उपाध्यक्ष मानवेंद्र पांडव ने किया। बैठक में उपस्थित कांग्रेस जनों में सर्वश्री पार्षद रेनू चौधरी, डॉ सी एल शर्मा, उमाशंकर शर्मा, विपुल पाठक, तपेश गौतम, महेश चौबे, राजकुमार शर्मा, सतीश राजोरिया, पूरन सिंह, बृजेश कुमार, शैलेंद्र बघेल, विजय चौधरी, ललित शर्मा, भोले, मुकेश शर्मा, कलुआ शाह, हिरदेश कुमार, ममता, सौरव आदि कांग्रेस जन रहे।

# बरेली से मुंबई जाना हुआ आसान अब 12 मार्च से चलेगी स्पेशल ट्रेन

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** मुंबई जाने वाले यात्रियों को रेल प्रशासन ने बड़ी राहत दी है। रेल प्रशासन की तरफ से काठगोदाम से मुंबई सेंट्रल तक स्पेशल ट्रेन चलाने का ऐलान किया गया है। मुंबई सेंट्रल से ट्रेन का संचालन 12 मार्च से 25 जून तक प्रत्येक बुधवार और काठगोदाम से 13 मार्च से 26 जून तक प्रत्येक गुरुवार को 16 फेरों के लिए किया जाएगा। ट्रेन संख्या 09075 मुंबई सेंट्रल-काठगोदाम सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 12, 19, 26 मार्च, 02, 09, 16, 23, 30 अप्रैल, 07, 14, 21, 28 मई व 04, 11, 18 एवं 25 जून को मुंबई सेंट्रल से 11:00 बजे चलकर बोरीवली से 11:36 बजे, वापी से 13.24 बजे, वलसाड से 13:47 बजे, उधना से 14:33 बजे, वड़ोदरा से 16:38 बजे, रतलाम से 20:25 बजे, दूसरे दिन डकनिया तलाब से 00:35 बजे, गंगापुर सिटी से 02:40 बजे, हिण्डौन सिटी से 03:15 बजे, भरतपुर से 05:05 बजे, मथुरा से 07:35 बजे, हाथरस सिटी से 08:07 बजे, कासगंज से 09:10 बजे, बदायूं से 09:48 बजे, बरेली जंक्शन से 10:50 बजे, बरेली सिटी से 11:05 बजे, इज्जतनगर से 11:25 बजे, बहेड़ी से 12:22 बजे, किच्छा से 12:40 बजे, लालकुंआ से 13:15 बजे व हल्द्वानी से 13:50 बजे छूटकर काठगोदाम 14:30 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में ट्रेन संख्या 09076 काठगोदाम-मुंबई सेंट्रल सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 13, 20, 27 मार्च, 03, 10, 17, 24 अप्रैल, 01, 08, 15, 22, 29 मई व 05, 12, 19 एवं 26 जून को काठगोदाम से 17:30 बजे प्रस्थान कर हल्द्वानी से 17:52 बजे, लालकुंआ से 18:33 बजे, किच्छा से 19:09 बजे, बहेड़ी से 19:30 बजे, इज्जतनगर से 20:08 बजे, बरेली से 20:23 बजे, बदायूं से 21:31 बजे, कासगंज से 22:40 बजे, हाथरस सिटी से 23:50 बजे, दूसरे दिन मथुरा से 01:15 बजे,उधना से 16:58 बजे, वलसाड से 17:52 बजे, वापी से 18:10 बजे और बोरीवली से 20:10 बजे छूटकर मुंबई सेंट्रल 20:55 बजे पहुंचेगी।

# महिला ने अपने पति के 145 महिलाओं से संबंध होने का आरोप लगाया

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** दुष्कर्म के झूठे आरोप लगाकर धन उगाही और दुश्मनों से हिसाब बराबर करने के लिए महिलाओं ने दुष्कर्म की धारा को अपना हथियार बना लिया है। वर्ष 2024 में कुल 279 दुष्कर्म के मुकदमे दर्ज हुए, जिनमें से 95 आरोप झूठे साबित हुए। पुलिस जांच में सामने आया कि कई मामलों में रंजिश, पैसे की उगाही और अन्य गंभीर मामलों में समझौता कराने के लिए दुष्कर्म के झूठे आरोप लगाए गए थे। बरेली जिले के 29 थानों में 1 जनवरी 2024 से 31 दिसंबर 2024 तक कुल 279 दुष्कर्म की एफआईआर दर्ज हुई थी। जांच के दौरान पुलिस को 95 मुकदमे फर्जी मिले, जिन पर फाइनल रिपोर्ट (एफआर) लगाकर उन्हें बंद कर दिया गया। वहीं, 28 अन्य मामलों में आरोपितों पर लगाए गए दुष्कर्म के आरोपों को हटा दिया गया, क्योंकि वे केवल मामूली विवादों का परिणाम थे।

> पुलिस हर मामले की गंभीरता से जांच करती है ताकि पीड़ित को न्याय मिले। कई बार साक्ष्यों के अभाव में चार्जशीट दाखिल करने या फाइनल रिपोर्ट लगाने में समय लगता है, लेकिन हर केस की निष्पक्ष जांच की जाती है। –
> **अनुराग आर्य वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) बरेली।**

इसी प्रकार कई मामलों में ऐसे आरोप लगाए गए जो अविश्वसनीय थे। एक महिला ने अपने पति पर 145 महिलाओं से संबंध होने का आरोप लगाते हुए दुष्कर्म का केस दर्ज करा दिया था। जांच में यह मामला घरेलू कलह का निकला। कुछ महिलाओं ने अपने ही पिता और भाइयों पर दुष्कर्म का आरोप लगाया, लेकिन पुलिस जांच में प्रेम संबंधों का मामला सामने आया। एक अन्य महिला ने घर में खाना गर्म न करने को लेकर हुए विवाद के बाद ससुरालवालों पर दुष्कर्म का झूठा आरोप लगाया था।

# बिजनौर में लगा मेगा कैंसर स्क्रीनिग कैम्प

वेलकम इंडिया



**बिजनौर।** विवेक हॉस्पिटल बिजनौर एवं बॉमर लॉरी एंड कम्पनी कोलकाता द्वारा जिला बिजनौर मे पहली बार मेगा कैंसर स्क्रीनिग कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प मे नारायणा कैंसर हास्पिटल गुरुग्राम से कैंसरी सर्जरी के विशेषज्ञ डॉ विदुर गर्ग, आर वी अस्पताल गुरूग्राम से कैंसर विशेषज्ञा डा पूजा गुप्ता, वरिष्ठ सर्जन डा नितिन चौहान, डॉ विमल वशिष्ठ नाक कान गला विशेषज्ञ डॉ ऐ सिंह मुंह जबडा विशेषज्ञ डॉ चक्षु बजाज, की टीम ने कैंसर परामर्श दिया। शिविर मे मरीजो के लिये रक्तचाप, खून की जांच, पैपसीमर जांच, पैट सिटी, मैमोग्राफी, अल्ट्रासांउड, एक्स-रे की सुविधा रही।

डॉ विदुर गर्ग ने बताया कि ठोस कैंसर लीवर कैंसर और अन्य कैंसर मे शुरूआती लक्षण सामान्य होते है। जब कैंसर अंतिम स्टेज मे आता है। तब मरीज को पता चलता है इसीलिये मरीज को किसी भी सामान्य बिमारी को नजरअंदाज नही करना चाहिये और घबराना भी नही चाहिये। समय समय पर शारीरिक जांच कराते रहना चाहिये। वर्तमान मे प्रदूषण, खराब पोषण, अव्यवस्थित दिनचार्या के कारण ही बीमारिया बढ रही है। कैम्प मे 125 मरीजो की निःशुल्क जांच की गयी। शिविर मे मरीजो की आंखो की निःशुल्क जांच भी की गयी।

डॉ पूजा गुप्ता ने महिलाओ मे होने वाली स्तन व स्वाईकल कैंसर के बारे मे जानकारी दी तथा बताया कि समय पर कैंसर के लक्षण पहचान कर कैंसर का सफल इलाज किया जा सकता है।

डॉ नितिन चौहान ने बताया कि कैंसर की जागरूकता ही कैंसर के बचाव का सबसे बडा हथियार है। डॉ सिंह ने बताया कि तम्बाकू के सेवन से जिला बिजनौर मे मुंह के कैंसर की संख्या बढ रही है, उन्होने कैम्प मे आये मरीजो तम्बाकू के सेवन के प्रति सचेत किया।

विवेक ग्रुप के अध्यक्ष अमित गोयल ने बताया कि जिला बिजनौर मे पहली बार इतने बडे कैंसर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है। कैंसर की जागरूकता एवं रोकथाम के लिये विवेक अस्पताल द्वारा लगातार प्रयत्न किये जा रहे तथा भविष्य मे इस प्रकार के कैम्प जारी रहेगें। शिविर मे कैंसर रोगियो की पहचान करके संस्था द्वारा इलाज किया जायेगा। उन्होने बॉमर लारी एंड कं० को सहयोग के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अब होटलों व बरातघरों पर नकेल कसने की हो रही तैयारी, कचरा फैलाया तो लगेगा जुर्माना

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** स्मार्ट सिटी को कचरामुक्त बनाने के अभियान के तहत अफसरों ने होटलों और बरातघरों को जीरो वेस्ट बनाने के लिए सख्त निगरानी करने का फैसला लिया है। इसके लिए एक टीम बनाई गई है जो होटल और बरातघरों को चलाने वालों को पहले जागरूक करेगी और फिर नियमों का उल्लंघन करने पर जुमार्ना भी डालेगी। नगर निगम के अफसरों के मुताबिक बरातघरों से हर शादी के बाद औसतन दो हजार किलो कचरा निकलता है। इसी तरह होटल, हाउसिंग सोसाइटियों और सामाजिक संगठनों के कार्यक्रमों में भी काफी कचरा निकलता है जो उचित तरह से निस्तारित न होने पर स्वच्छता को काफी प्रभावित करता है। अभियान के तहत इन सभी को जीरो वेस्ट करने का काम किया जाएगा। इसके लिए लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की एक टीम बनाई गई है जो इन सभी नियमों के प्रति जागरूक करेगी। अभियान का लक्ष्य होगा कि रोजमर्रा के काम या विशेष कार्यक्रमों में कोई ऐसा सामान इस्तेमाल न किया जाए जिससे कचरे का ढेर लगे। गीला और सूखा कचरा अलग कर उसका इस्तेमाल कंपोस्ट बनाने में किया जाए। होटल और बरातघर बुकिंग कराने वालों को भी नियमों के बारे में बताएं।



> शहर को सभी के सहयोग से ही स्वच्छ बनाया जा सकता है। जरूरी है कि किसी भी समारोह में डिस्पोजेबल सामान का इस्तेमाल न किया जाए। व्यर्थ सजावट भी न की जाए क्योंकि इससे बड़े पैमाने पर कचरा होता है जो बाद में नालों में फेंक दिया जाता है। लोगों को दिए जाने वाले निमंत्रण कार्ड भी बदले जाने चाहिए क्योंकि अब ई–कार्ड का समय है। प्लास्टिक के गिलास का प्रयोग करने के बचने के साथ बचे भोजन का उचित निस्तारण करना चाहिए क्योंकि इससे भी कचरा पैदा होता है। **–संजीव कुमार मौर्य, नगर आयुक्त बरेली।**

# सीएल गुप्ता नेत्र संस्थान के द्वारा विश्व ग्लूकोमा वीक पर एक रैली निकाली

वेलकम इंडिया



**बिजनौर।** सी एल गुप्ता नेत्र संस्थान के द्वारा विश्व ग्लूकोमा वीक पर एक भव्य रैली का आयोजन किया गया। संस्थान के द्वारा चलाए जा रहे स्योहारा विजन सेंटर पर करीबन 100 लोगों ने विश्व ग्लूकोमा दिवस पर ग्लूकोमा की रोकथाम के नारे लगाए एवं जन जागरण को यह संदेश दिया कि ग्लूकोमा जो रोशनी का चोर कहीं जाने वाली एक बीमारी है, जिसे काला मोतिया के नाम से भी जाना जाता है।

इसके शुरूआती दौर में पकड़ में आने पर इलाज के द्वारा आंखों की रोशनी को बचाया जा सकता है परंतु देर से इलाज शुरू करने पर गई हुई रोशनी को वापस लाना काफी हद तक मुश्किल होता है।

संस्थान के ग्लूकोमा विशेषज्ञ डॉक्टर मुकेश कुमार ने बताया कि अगर हम अपने सेहत के प्रति सचेत रहें और आंखों में होने वाले दर्द, सर में दर्द, काले धब्बो का दिखना, साइडों का ना दिखाना आदि जैसे लक्षणों पर अपना ध्यान केंद्रित करें तो हम इस बीमारी को प्रारंभिक तौर पर ही पकड़ सकते हैं

संस्था की प्रशासनिक अधिकारी गरिमा सिंह ने बताया कि पूरे विश्व में 9 मार्च से 15 मार्च तक यह ग्लूकोमा जागरूकता सप्ताह मनाया जाएगा जिसमें विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से हर वर्ग, जाति एवं समुदाय के लोगों को सचेत किया जाएगा कि वह काला मोतिया के शिकार ना हो पाए

सी एल गुप्ता नेत्र संस्थान के छात्र-छात्राओं, कर्मचारी, फील्ड वर्ककरो एवं पैरामेडिकल स्टाफ के द्वारा यह रैली ₹₹हमने मन में ठाना है, ग्लूकोमा दूर भगाना है₹ जैसे नारों को लगाती हुई पूरे शहर में घूमी

इस रैली में सादिया, प्रियंका, प्रीति, मीनाक्षी, सुनीला, सृष्टि, ऊर्फत, अर्चना, शालू, आयुष भटनागर, रवि श्रीवास्तव, सौरभ, शान ए आलम धर्मवीर, मुजीब आदि का विशेष सहयोग रहा। संस्था के आउटरीच मैनेजर सत्य प्रकाश शर्मा ने बताया कि ग्रामीण लोगों को कई बार काला मोतिया जैसी भयंकर बीमारियों की जानकारी नहीं होती इसी अभाव में जब तक वह डॉक्टर तक पहुंचाते हैं तब तक उनकी आंखों की रोशनी काफी हद तक जा चुकी होती है अतः हम यह प्रयास करते हैं कि हमारे विजन सेंटर के माध्यम से गरीब से गरीब व्यक्ति की भी नेत्रों की जांच हो सके और जरूरत पड़ने पर उनका निशुल्क उपचार भी किया जा सके।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर समुचित संख्या में सड़क सुरक्षा से संबंधित साईन बोर्ड न लगाए जाने पर डीएम नाराज

**वेलकम इंडिया**




**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर समुचित संख्या में सड़क सुरक्षा से संबंधित साईन बोर्ड न लगाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग को निर्देश दिए कि तत्काल आवश्यकता के अनुसार साईन बोर्ड लगवाना सुनिश्चित करें तथा उनके फोटोग्राफ भी उपलब्ध कराएं। उन्होंने माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्कूल/कॉलेजों में गठित सड़क सुरक्षा क्लब को गुणवत्ता पूर्वक संचालित करें तथा नियमित रूप से बैठकों का आयोजन करें तथा उक्त बैठकों में अभिभावकों को आमंत्रित कर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा भी पीटीएम के अवसर पर भी अभिभावकों को अपनी बच्चों को सड़क सुरक्षा यातायात के नियमों का शत-प्रतिशत रूप से पालन करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि स्कूलों एवं कालेजों तथा आस-पास के मुख्य स्थानों पर यातायात के नियमों की जानकारी एवं उनका अनुपालन से संबंधित वाल पेंटिंग कराना सुनिश्चित कराएं।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली वृद्धि अत्यंत चिंता जनक है। जिस पर नियंत्रण किया जाना अवश्य है ताकि जनसाधारण की जान व माल की सुरक्षा की जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन पैट्रोल पम्पों द्वारा बिना हैल्मेट का प्रयोग करने वाले दुपहिया वाहन चालकों को पैट्रोल उपलब्ध कराए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि उक्त निदेर्शों का उल्लंघन करने वाले पैट्रोल पम्पों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने निर्देश दिए कि यातायात सड़क सुरक्षा, परिवहन विभाग, लोक निर्माण विभाग तथा राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अधिकारियों पर आधारित एक टीम का गठन किया जो सड़क दुर्घटना स्थल का भ्रमण कर दुर्घटना की जांच करें तथा ऐसे स्थानों का भी निरीक्षण करें जहां ज्यादा सड़क हादसे होते हैं। उक्त टीम को सड़क दुर्घटनाओं के कारणों, संभावनाओं, शंकाओं का गहनता के साथ पता लगाने तथा उन पर अपेक्षित नियंत्रण स्थापित करने संबंधी अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने नेशनल हाईवे एवं पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वाहनों की गति पर नियंत्रण रखने के लिए निर्धारित नियमों के अनुरूप आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

## शाहजहांपुर में बदला जुमे की नमाज का वक़्त ढाई बजे होंगी मस्जिदों में नमाज

**मेरठ।** आने वाले शुक्रवार यानी 14 मार्च को पूरे देश भर में होली का त्योहार और जुमे का दिन एक ही दिन पड़ रहा हैं, जिसको धियान मे रखते हुए शाहजहांपुर ईदगाह के इमाम रफीक उज्जमा खान की अध्यक्षता में मस्जिदों के इमामो साथ एक मीटिंग आयोजित की गई। जिसका संचालन ईदगाह इंतिजामिया कमेटी के सेक्रेटरी डॉक्टर युसूफ खान ने किया।जिसमे जुमे के दिन नमाज के समय में बदलाव करने का निर्णय लिया गया है।डॉक्टर यूसुफ खान ने बताया कि शाहजहांपुर में जुमे के दिन मस्जिदों में विभिन्न समय में जुम्मे की नमाज अदा की जाती है, लेकिन होली के दृष्टिगत कस्बे की मस्जिदों में ढाई बजे नमाज अदा करने का फैसला लिया गया है साथ ही कस्बे के सभी लोगों से अपील की गई है कि वो अपने-अपने मोहल्ले में शांति बनाए रखें।इस तरहाँ शाहजहांपुर की गंगा जमुनी तहजीब और हिंदू-मुस्लिम भाईचारे की मिसाल एक बार फिर कायम होगी।

# श्री खाटू श्याम फाल्गुनोत्सव की निकाली निशान शोभा यात्रा

**वेलकम इण्डिया**



**बढ़नी/सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बढ़नी में श्री श्याम फाल्गुनोत्सव की भव्य निशान शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा की शुरूआत राणी सती दादी मंदिर से हुई। यहां निशान की पूजा-अर्चना के बाद सैकड़ों श्रद्धालु कतारबद्ध होकर निकले।

श्रद्धालुओं ने हाथों में निशान लेकर नंगे पांव नगर भ्रमण किया। रंगों की फुहार और फूलों की बरसात के बीच श्री श्याम के भक्ति गीत गूंजते रहे। यात्रा गोला बाजार से होते हुए माल गोदाम, स्टेशन रोड और कस्टम रोड से गुजरी। फिर सीमा पार कर नेपाल के कृष्णनगर स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर पहुंची। यहां श्याम भक्तों ने निशान को प्रभु के चरणों में समर्पित किया।

यात्रा के दौरान डीजे पर भक्ति गीत बजते रहे। श्रद्धालु 'ये निशान खाटू वाले का' और 'आज श्याम सपने में आये' जैसे गीतों पर झूमते रहे। माल गोदाम तिराहे पर श्याम भक्तों को केसरिया गमछा भेंट कर सम्मानित किया गया।

यह शोभा यात्रा कई वर्षों से श्री श्याम भक्त मंडल के तत्वावधान में निकाली जा रही है। इसमें भारत के साथ नेपाल के लोग भी शामिल होते है। यह भारत और नेपाल के रिश्तों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम में विधायक विनय वर्मा, चेयरमैन सुनील अग्रहरि, मुकेश गोयल, शोहरतगढ़ चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, ग्राम पंचायत झरूआ विरेंद्र जायसवाल, समाजसेवी अनिल अग्रहरि गुलाब चन्द अग्रवाल समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## खाद्य विभाग के अधिकारियों ने मारा छापा



**बिस्कोहर/सिद्धार्थनगर।** सहायक आयुक्त खाद्य व खाद्य सुरक्षा के अधिकारियों ने सोमवार को नगर पंचायत बिस्कोहर के परशुराम तिराहा पर किराने की दुकान पर और ग्राम पंचायत बुड्ढी खास के शीतलहवा में मिठाई की दुकान पर छापेमारी की। इसमें मिले खाद्य पदार्थों के विविध नमूने एकत्रित किए। सभी नमूनों को जांच के लिए भेजा गया। टीम को देखते ही कई दुकानदार अपनी दुकानें बंद कर भाग गए। सहायक आयुक्त खाद्य आर. एल. यादव के नेतृत्व में होली के त्यौहार पर मिलावटी खाद्य पदार्थों के विरुद्ध विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। सोमवार शाम को नगर के परशुराम तिराहा स्थित एक किराना की दुकान से नमकीन व किशमिश के नमूने संग्रहित किए गए। बुड्ढी खास गांव के शीतलहवा स्थित एक अन्य मिठाई की दुकान से पेड़ा का नमूना संग्रहित किया गया। इस अवसर पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी नरेंद्र प्रताप सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी पी. के. वर्मा, आर. एन. वर्मा, चंद्रभानु, नीरज कुमार चौधरी मौजूद रहे।

## भाजपा नेता व ग्रापए के पदाधिकारी नें दी विनम्र श्रद्धांजलि



**चोलापुर।** स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय बरसाती चौबे की पुत्र बधू एवं ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन सदर तहसील के महामंत्री और आज अखबार चोलापुर दानगंज के पत्रकार नित्यानंद चौबे ग्राम सभा हाजीपुर के पूज्यनीय दादी श्रद्धेय केवला देवी उम्र 103 वर्ष की निधन की सूचना उपरांत सोमवार को उनके आवास पहुँचकर ग्रापए के पदाधिकारीगण एवं सदस्यों नें शोक संवेदना प्रकट कर विनम्र श्रद्धाँजलि अर्पित किया। इस मौकेपर ग्रापए सदर तहसील अध्यक्ष विजय शंकर चौबे जी, भाजपा नेता अरुण पाठक जी, पत्रकार सत्यप्रकाश चतुवेर्दी, के साथ अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

## महिला ने बीजेपी झंडा लेकर हाइवे पर लेटकर किया हाई वोल्टेज ड्रामा

**कांधला।** विवाहिता बहन ने बागपत में भाई की हत्या का आरोप लगाते हुए दिल्ली नेशनल हाईवे के बीचों बीच लेटकर जाम लगाते हुए जमकर हंगामा किया। महिला ने बागपत पुलिस पर भाई हत्या के मामले में कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। नेशनल हाईवे पर महिला के हाईवोल्टेज हंगामें से दर्जनों वाहन व बस जाम में फस गई। जनपद बागपत के नयागांव उर्फ हमीदाबाद निवासी पिंकी की शादी कांधला में हुई है। महिला का इकलौता भाई 43 वर्षीय सुरेश कश्यप है। सुरेश की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई थी। उसकी बहनों ने बागपत कोतवाली में जाकर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया था। उन्होंने भाभी पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत दी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया था। बागपत कोतवाली पुलिस ने मामले में कोई कार्रवाही नही की।

# बदमाशों ने बीच चौराहे युवक को मार दी गोली, मौत

**वेलकम इंडिया**

**लखीमपुर खीरी।** एक तरफ जहां आईजी जोन लखनऊ प्रशांत कुमार शहर में पैदल गश्त कर रहे थे, दूसरी तरफ मिश्रण चौकी के सामने एक व्यापारी के बेटे को दौड़ाकर बदमाशों ने गोली मार दी। गोली लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। उसे मोतीपुर ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि जहां पर युवक को गोली मारी गई, वहां से करीब 200 मीटर दूर आईजी प्रशांत कुमार फोर्स के साथ गश्त कर रहे थे। साथ ही लोगों को सुरक्षा का भरोसा दे रहे थे।

मामला लखीमपुर खीरी शहर में बुक डिपो का है। बताते हैं कि एक व्यक्ति बदमाशों से अपनी जान बचाते हुए बुक डिपो के अंदर घुस गया। वहीं पीछे से दौड़ा रहे बदमाशों ने बुक डिपो के आदित्य कश्यप को गोली मार दी। जिसके पीछे बदमाश आ रहे थे, उसको भी बीच चौराहे पर गोली मार दी। आदित्य की बाद में मौत हो गई।

बताते हैं कि शहर के मिश्राना मोहल्ला निवासी अमोघ उर्फ देव (19) सोमवार शाम करीब 7।30 बजे चौराहे से गुजर रहा था, तभी बाइक से आए अज्ञात हमलावरों ने उसको दौड़ा लिया। वह दुकान में घुसा तो हाथीपुर निवासी कर्मचारी आदित्य कश्यप को बदमाशों की गोली लग गई। आदित्य घायल हो गया। इधर, अमोघ दुकान से बाहर भागा तो बदमाशों ने उसे दौड़ाकर बीच चौराहे गोली मार दी।

घटना तब घटी जब लखनऊ आईजी रेंज प्रशांत कुमार शहर में भारी पुलिस फोर्स के साथ फ्लैग मार्च कर रहे थे। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने बताया कि युवकों में आपसी विवाद पहले से चल रहा था। परिवार वालों ने यह भी बताया कि इतनी छोटी सी बात पर इतनी बड़ी घटना हो जाएगी, ये नहीं पता था। बहुत जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।

# टाण्डा के एकमात्र स्वतंत्रता सेनानी को जन्मदिवस पर श्रद्धांजलि

**वेलकम इंडिया**

**टाण्डा जिला रामपुर।** नगर के एकमात्र स्वतंत्रता सेनानी रहे वफाउर्रहमान जामई के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में आजादी के लिए उनके योगदान को याद किया गया।

नगर के एकमात्र स्वतंत्रता सेनानी रहे वफाउर्रहमान जामई की 111वीं जयंती प्राथमिक विद्यालय हजरतनगर और नगर के सनराइज इंटर कॉलेज में मनाई गई। शिक्षकों और छात्रों ने आजादी के लिए उनके अविस्मरणीय कार्यों को याद किया।प्राथमिक विद्यालय हजरतनगर में आयोजित कार्यक्रम में उनके शिक्षक पुत्र सईदुज्जफर रहमानी ने बताया कि भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान उनके पिता वफाउर्रहमान जामई अंग्रेज फौजी की गोली लगने से घायल हो गए थे।

उन्होंने बताया कि वह 25 साल तक टाउन एरिया के चेयरमैन रहे और अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी के साथ किया। उनकी ईमानदारी का आलम यह था कि चैयरमैन जैसे पद पर रहते हुए भी वह अपने खपरैल के घर को पक्का नहीं बनवा सके और तमाम जिंदगी गरीबी में बसर की। यह उनकी निष्ठा,ईमानदारी और सादगी को दशार्ता है।इस अवसर पर सईदुज्जफर रहमानी, दीपक शर्मा, हरपाल सिंह और राजवती आदि मौजूद रहे।



उधर सनराइज इंटर कॉलेज में स्वतंत्रता सेनानी की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम मेंप्रधानाचार्य मुनव्वर अली ने देश को आजाद कराने में वफाउर्रहमान जामई के योगदान पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन और संघर्ष के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी।इस अवसर पर निहाद रहमानी, उवैस इकराम, हाशिम अली, मोहम्मद इरफान, संजय सिंह और राजेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती, जीजा साले पर सामूहिक दुष्कर्म करने का आरोप

**कांधला।** जनपद गाजियाबाद निवासी एक युवती ने कस्बा निवासी एक युवक और उसके जीजा पर बारी-बारी से दुष्कर्म करने लाखों रुपए और जेवरात ठगने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जनपद गाजियाबाद निवासी एक युवती ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि कई माह पूर्व कस्बा निवासी एक युवक की उसके साथ इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई थी। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी युवक ने अपने आप को बड़ा बिजनेसमैन बताया था। आरोप है कि युवक के द्वारा पीड़िता को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया गया था और व्यापार में घाटा होने की बात कहते हुए पीड़िता से दो लाख दस हजार रुपए ठगने के साथ ही पीड़िता से लाखों रुपए के जेवर भी ढग लिए। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी युवक ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने के साथ ही अपने जीजा से भी पीड़िता का शारीरिक शोषण कराया था।

# एसडीएम ने राजनीति दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**वेलकम इंडिया**

**टाण्डा जिला रामपुर।** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम की सफलता को लेकर सोमवार को स्थानीय तहसील कार्यालय में उपजिलाधिकारी कुमार गौरव ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। विशेष संक्षिप्त मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान पर चर्चा करते हुए इसकी सफलता हेतु सभी से सहयोग मांगा गया। एसडीएम ने सभी पार्टियों के प्रतिनिधियों से बूथों पर अपने एजेंट नियुक्त करने तथा मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए सहयोग करने की बात कही।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देश के क्रम में सोमवार को राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ तहसील सभागार में बैठक आयोजित की गई। जिसमें उपजिलाधिकारी कुमार गौरव ने राजनीति दलों के प्रतिनिधियों से प्रत्येक बूथ पर अपने-अपने बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने तथा मतदाता सूची में 18 वर्ष की आयु के ऐसे व्यक्ति जिनका नाम शामिल होने से वंचित रह गया हो या किसी का नाम गलत हो तथा ऐसे मतदाता जो शिफ्टेड, मृतक, डबल हो उनके नाम भी बीएलओ की सहायता से मतदाता सूची से विलोपित करवाने को कहा।



बैठक में भाजपा से राजकुमार चौहान,समर सिंह और प्रथी सिंह जबकि सपा से खुर्शीद अहमद तथा कांग्रेस से नसीम अहमद और बसपा से सोमवीर सिंह तथा अपना दल एस से तारिक हुसैन ने प्रतिनिधि के तौर पर भाग लिया।

## जंगल में मिला महिला के शव कि हुई शिनाख्त

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव भारसी में देर रात वृद्ध महिला को शव मिलने से हंड़कम्प मच गया था। पुलिस ने मौके पर जाकर मामले की जांच की। और शिनाख्त का प्रयास किया था। शिनाख्त नहीं होने पर शव मोर्चरी में रखवा दिया था। मृतक महिला के फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर परिजनों ने शिनाख्त की है। रविवार की रात्रि को कस्बा एलम में भारसी मार्ग एक खेत के निकट 80 वर्षीय अज्ञात वृद्ध महिला का शव पडा मिला था। ग्रामीणों ने पुलिस को मामले की जानकारी देकर मौके पर बुला लिया था। पुलिस ने मौके पर जाकर घटना स्थल की पडताल की। पुलिस ने मौके पर वृद्ध महिला के शव का पंचनामा भरकर मोर्चरी के लिए भिजवा दिया था।पुलिस ने महिला की पहचान कराने का प्रयास किया। पुलिस ने मृतक की पहचान 80 वर्षीय जैनब पत्नी पीरू निवासी जनपद मुज्जफ्फरनगर के गांव जौला निवासी के रूप में की।

# बाइक सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े कई राउंड गोलियां चला कर फैलाई दहशत

**वेलकम इण्डिया**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत स्थित रजवाहे की पटरी पर छात्रों के दो गुटों में जमकर संघर्ष हुआ। दोनों ओर से कई राउंड फायरिंग की गई। सूचना पर पहुंची पुलिस को आता देख छात्र अपनी अपनी बाइकों पर सवार होकर मौके से फरार हो गए। पुलिस मौके से एक खोखा भी बरामद किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जंगल में कांबिंग कर रही है। छात्रों के दो गुटों में हुई फायरिंग के चलते सड़क के दोनों और वाहनों की लंबी-लंबी लाइन लग गई। पुलिस में मौके से दो छात्रों को हिरासत में लिया है। पुलिस फरार छात्रों की तलाश में दबिश दे रही है।

सोमवार की दोपहर को राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी कि थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू के निकट स्थित गढ़ी दौलत राजवाहे की पटरी पर छात्रों के दो गुटों में संघर्ष हो रहा है। दोनों को एक दूसरे पर फायरिंग कर रहे हैं। दोनों ओर से हुई फायरिंग में सड़क के दोनों और वाहनों की लंबी-लंबी लाइन लग गई। वाहन चालक अपने-अपने वाहनों को मौके पर छोड़कर जंगलों की ओर भागने लगे। सूचना पर जैसे ही पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी छात्र अपनी अपनी बाइको पर सवार होकर मौके से फरार हो गए। पुलिस में मौके से एक खोखा 315 बोर बरामद किया है। पुलिस ने मौके से दो छात्रों को हिरासत में लिया है। पुलिस पकड़े गए दोनों छात्रों से पूछताछ कर रही है। वहीं दूसरी ओर पुलिस आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि छात्रों के दो गुटों में संघर्ष के दौरान फायरिंग हुई है। फायरिंग की घटना में कोई हाताहात और घायल नहीं हुआ है।आरोपी छात्रों की तलाश की जा रही है।

## होली के मद्देनजर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**बेलहर, संतकबीरनगर।** होली पर्व को लेकर बेलहर थाना क्षेत्र में पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से थाना प्रभारी और सीओ समेत पुलिस बल ने सोमवार को थाना क्षेत्र के बेलवा सेगर ,बेलहर ,हसनी, साथां, लोहरसन, गनवरिया आदि चौराहे गांवों में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने लोगों से संवाद कर शांतिपूर्ण तरीके से होली मनाने की अपील की। थाना प्रभारी रजनीश राय ने कहा कि किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें। थाना प्रभारी ने बताया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार गश्त कर रही है। साथ ही संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कोई भी व्यक्ति माहौल बिगाड़ने की कोशिश करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पत्रकार की हत्या को लेकर, जीपीए प्रतिनिधिमंडल ने दिया ज्ञापन

**वेलकम इण्डिया**

**संत कबीर नगर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन इकाई संत कबीर नगर के द्वारा विगत दिनों सीतापुर जनपद में हुई प्रतिष्ठित दैनिक जागरण के पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की हत्या को लेकर जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर को ज्ञापन देकर,हत्या में शामिल आरोपियों के विरुद्ध कठोरतम कारवाई की मांग की।साथ ही साथ

मृतक पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई के परिवार को एक करोड़ की आर्थिक सहायता तत्काल प्रदान की जाए व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी।

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सौरभ त्रिपाठी के नेतृत्व में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन प्रतिनिधिमंडल द्वारा विगत दिनों सीतापुर जनपद में हुए निर्भीक, भ्रष्टाचार के विरुद्ध लगातार अपने कलम से आवाज उठा रहे दैनिक जागरण के पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की हत्या के विरोध में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर को पांच सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन दिया।जिसमें पीड़ित परिवार को सुरक्षा की मांग,हत्यारों व साजिश में शामिल लोगों के विरुद्ध कठोरतम कारवाई,पीड़ित परिवार को एक करोड़ की आर्थिक सहायता,परिवार में आश्रित को राजकीय सेवा में लेकर आजीविका सुनिश्चित की जाए व पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर एक उच्च स्तरीय समिति का गठन हो जिसमें ग्रामीण पत्रकार की भागीदारी हो सुरक्षा समिति के आधार पर सुरक्षा की जाए।ज्ञापन देने प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से विनोद कुमार अग्रहरी,कमलेश यादव, अवश कुमार,अब्दुल करीम,रविन्द्र नाथ दहीवाल,त्रिलोकी नाथ,महबूब पठान,शिवमूरत,पन्ने लाल यादव व विवेक कुमार समेत अन्य पत्रकार साथीगण उपस्थित रहे।



## विवाहिता ने फांसी लगाकर की अपनी जीवन लीला समाप्त

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव जसाला में विवाहिता ने ग्रह क्लह के चलते फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।सूचना पर विवाहिता के परिजनों ने मौके पर पहुंचकर जमकर हंगामा किया। बाद में समाज के लोगों के द्वारा दोनों पक्षों का समझौता करा दिया गया। परिजनों ने बिना किसी कार्रवाई के विवाहिता का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया। जनपद सहारनपुर के थाना रामपुर के गांव सढोली हरिया निवासी निधि की शादी तीन वर्ष पूर्व क्षेत्र के गांव जसाला निवासी गौरव के साथ हुई थी। शादी के बाद भी विवाहिता ने एक बालक को जन्म दिया था। पिछले कई दिनों से मकान व जमीन के बंटवारे को लेकर गौरव का अपने परिवार के लोगों से विवाद चल रहा था। सोमवार को गौरव की पत्नी निधि ने गृह क्लह के चलते फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

# ड्रोन कैमरा की मदद से पुलिस ने परखी कस्बे की सुरक्षा

**वेलकम इण्डिया**

**बिस्कोहर/सिद्धार्थनगर।** त्रिलोकपुर थाना व बिस्कोहर चौकी पुलिस ने ड्रोन कैमरे के जरिए नगर की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। होली और पवित्र माह रमजान को लेकर पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। पैदल गश्त कर पुलिसवालों ने लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया।

सोमवार शाम को प्रभारी निरीक्षक त्रिलोकपुर मृत्युंजय पाठक व चौकी प्रभारी बिस्कोहर मनोज कुमार सिंह ने बिस्कोहर नगर के वार्ड नंबर 12 शाह मोहल्ला में ड्रोन कैमरा चलाकर मकानों व छतों की निगरानी की और संवेदनशील, अति संवेदनशील क्षेत्रों का भौतिक निरीक्षण किया। पूर्व में धर्मगुरुओं के साथ शांति समिति की बैठक करने के बाद पुलिस अपने स्तर से भी व्यवस्था को व्यापक स्तर पर दोष करने में जुटी है।



प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक ने बताया कि किसी को भी कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं होगी। अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि ड्रोन की मदद से संकरी गलियों में देखा गया कि कहीं छतों पर ईंट-पत्थर तो नहीं हैं। हालांकि, कहीं पर कोई आपत्तिजनक सामान नहीं दिखा। पुलिस त्योहार और सुरक्षा को लेकर पूरी तरह से सतर्क हैं। सड़क से लेकर आसमान तक से निगरानी की जा रही है। इस मौके पर चौकी प्रभारी मनोज कुमार सिंह, दीवान अमरेश पांडेय, संतोष कुमार पांडेय, सिपाही पिंटू सरोज , सुनील कुमार यादव, सभासद नृपेन्द्र सिंह, शाहिद अजीज, राहुल कुमार पांडेय, शिवदीन आदि मौजूद रहे।

## मुख्य रास्ते पर जलभराव टूटी फूटी सड़के

# धार्मिक स्थल शिव मन्दिर के सामने जलभराव को लेकर मुख्य विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा


**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



हापुड़ जनपद के आवास के सामने कुछ दूरी पर स्थित ग्राम मुरादपुर ब्लॉक हापुड जिला हापुड़ में वर्षों से विकास कार्य न होने पर ग्रामीणों द्वारा 6 माह पूर्व हापुड़ कलेक्ट्रेट में धरना प्रद ?र्शन के बाद भी वर्तमान तक जिम्मेदारो की लापरवाही व जिलास्तर उच्च अधिकारियों की अनदेखी के कारण लीपापोती कर फर्जी निस्तारण करने के सम्बन्ध में सदर एसडीएम व एडीएम हापुड़ को मुख्यमंत्री जी के नाम ग्रामीणों ने राष्ट्रीय भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति ने ज्ञापन सौंपा

राष्ट्रीय भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति के प्रदेश सचिव चंद्र किरण कश्यप ने बताया कि हापुड़ जिला अधिकारी आवास के सामने के सामने कुछ दूरी पर स्थित ग्राम मुरादपुर त. व ब्लॉक हापुड़ जिला हापुड़ की वर्तमान स्थिति शोचनीय है। वर्षों से गांव में निम्न समस्याएं जैसे-गांव का मुख्य रास्ते पर जलभराव टूटी फूटी सड़के, धार्मिक स्थल शिव मन्दिर के सामने जलभराव, प्रकाश व्यवस्था, कच्चे मकान, घर घर शौचालय, मुक्तिधाम श्मशान घाट का निर्माण व सौंदर्यकरण, फकीरों में नाली खड़ंजे का निर्माण, कूड़े डालने का सार्वजनिक स्थान, मुख्य स्थानो पर डस्टबिन न होना, सफाई व्यवस्था, मुख्य स्थानों पर वाटर कूलर, हेण्डपम्प खराब, सार्वजनिक शौचालय, तालाब की सफाई व सोन्दर्यकरण, डोर टू डोर कूड़ा डालने के वाहन आदि कोई सुविधा गांव में न होने के सम्बंध में वर्ष 2017 से लेकर वर्तमान तक ग्राम प्रधान, बीडीओ, डीपीआरओं, सीडीओ, डीएम कार्यालय व जनसुनवाई पोर्टल पर अनेक शिकायते की है। छः माह पूर्व ग्रामीणों ने परेशान होकर सड़को पर उत्तर जिला कलेक्टेट हापुड पर धरना प्रदर्शन कर एडीएम हापुड़ को विकास कार्य कराने के सम्बन्ध में समस्याओं से अवगत कराया। लेकिन वर्तमान तक भी जिम्मेदारों की लापरवाही व जिला स्तर अधिकारियो की अनदेखी के कारण लीपापोती कर फर्जी आख्या लगाकर शिकायत का निस्तारण किया गया। वर्तमान में गांव अपने बदहाली के आंसू बहा रहा है इस पत्र के माध्यम से आपसे निवेदन है कि पत्र व ग्रामीणों की समस्याओ को संज्ञान लेते हुए वर्तमान हापुड़ बीडीओ, एडीओ पंचायत सहित ग्राम सचिव को अपने कार्यभार पद से तत्काल प्रभावी रूप से हटाते हुए ग्राम पंचायत में उपरोक्त विकास कार्यों को कराते हुए जल्द से जल्द ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान कराने की कृपा करें। तथा साथ में गैर जनपदीय टीम गठित कर विकास कार्यों की जांच कराकर गांव को भय और भ्रष्टाचार मुक्त बनाने में सहयोग करें शान्ति पूर्व धरना में ग्रामीणों सहित अन्य संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे कपिल सुमित देवा मोना जग्गे प्रवेश रामबुल प्रमोद जिलाध्यक्ष मोहित चौधरी उमेश कश्यप रवि सैनी संजीव तनुष प्रिंस गौ सेवक भी मौजूद रहे।

## चोलापुर में प्रदेश अध्यक्ष का हुआ जोरदार स्वागत



**वेलकम इंडिया**

**चोलापुर।** क्षेत्र के मोहाँव चौराह चौराहे पर रविवार को प्रदेश अध्यक्ष ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन का किया गया जोरदार स्वागत जानकारी के अनुसार उमा मेमोरियल पब्लिक स्कूल डेरही दानगंज में विद्यालय के वार्षिकोत्सव आयोजन में विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष सौरभ कुमार जी के साथ जिला अध्यक्ष राजकुमार तिवारी जी को जाते समय रास्ते में मोहांव चौराहा कान्हा टी स्टाल के पास काफिले को रोक कर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन सदर तहसील अध्यक्ष विजय शंकर चौबे के नेतृत्व में माल्यार्पण करते हुए जोरदार स्वागत किया गया इस मौके पर पत्रकार हिंदुस्तान मनोज जायसवाल कोषाध्यक्ष छोटेलाल अनुराग जायसवाल पत्रकार अभय यादव जन संदेश जयंत सिंह पूर्व सदर अध्यक्ष दीपक सिंह संगठन मंत्री आनंद राय विशाल चौबे शाहिद आलम मृत्युंजय पांडे उर्फ सिपाही गुरु सत्य प्रकाश चतुर्वेदी आदि पत्रकार मौजूद रहे।

## चांगीपुर चीनी मिल व आसवनी ईकाई में 54 वे सुरक्षा सप्ताह का समापन

**नूरपुर :** चांगीपुर चीनी मिल व आसवनी ईकाई में 54 वे सुरक्षा सप्ताह का समापन हो गया है। इस पूरे सप्ताहा के अन्दर कारखाने में विभिन्न परकार के प्रसिक्षण दिये गये। इसके साथ ही कई सारी सुरक्षा प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें मिल के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों व सैंविदकर्मियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अभिषेक राणा, बीरपाल सिंह व धर्मेंद्र सिंह विजेता रहे। पोस्टर प्रतियोगिता में पहला स्थान बीरपाल सिंह, दूसरा स्थान शिव कुमार व तीसरा स्थान सौरब कुमार ने प्राप्त किया। सुरक्षा प्रश्नोत्तर में प्रथम स्थान अभिषेक राणा, दूसरा स्थान अखिलेश सिंह व तीसरा स्थान राजीव चौहान ने प्राप्त किया। सुरक्षा मॉडल में प्रथम स्थान बोइलिंग हाउस ने प्राप्त किया। सुरक्षा के साथ काम करने के लिए मिल हाउस से अनुज कुमार राणा, बोइलिंग हाउस से डेविड कुमार, बायलर हाउस से भूपेन्द्र कुमार व आसवानी से समरपाल सिंह की पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मिल प्रांगण में सुरक्षा उपकरणों की प्रदर्शनी भी लगायी गयी। कार्यक्रम का सफल संचालन सुरक्षा प्रमुख सत्येन्द्र गिरी ने किया। सभी कर्मचारियों को वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश मित्तल, उपाध्यक्ष गन्ना जितेंद्र मलिक, आसवनी महाप्रबंधक राजेश शर्मा व चीनी मिल उत्पादन प्रमुख पवन गुप्ता ने इस अवसर पर सभी अधिकारियों, कर्मचारियों व संविदकर्मियों को सुरक्षा से काम करने के लिए आहवान किया तथा सभी का उत्सावर्धन भी किया।

## आलमपुर जाफराबाद में सेवानिवृत शिक्षकों का विदाई सम्मान समारोह एवं शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित



**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की आलमपुर जाफराबाद इकाई द्वारा सोमवार को सेवानिवृत शिक्षकों का विदाई सम्मान समारोह एवं शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे विगत वर्षों में सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान शाल ओढ़ाकर एवं सप्रेम भेंट उपहार सहित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी आलमपुर, सतीश कुमार वर्मा, की अध्यक्षता में रामदास गुप्ता द्वारा तथा गजेंद्र पाल, हरिबाबू सक्सेना, जगदीश शर्मा, कृष्ण पाल सिंह ब्लॉक अध्यक्ष, अमित सिंह ब्लॉक मंत्री, सुनील कुमार सिंह, धर्मेंद्र सिंह, एआरपी गण महेश पंत, करुणाकर वर्मा, सचिन कटियार, अरुण पांडेय ब्लॉक व्यायाम शिक्षक, राजेश मिश्रा, राजेश कुमार शर्मा, अरविन्द्र सिंह, आर्येन्द्र सिंह, राकेश कुमार, सतीश शर्मा, हेमंत कुशवाहा, राजेश्वरी मौर्य, बृजेश दीक्षित, विकल्प सक्सेना, सुनील शर्मा, राजेन्द्र तिवारी, अतर सिंह, सुरेश चंद्र, शरद दीक्षित, अरविन्द्र चौहान, आशीष शर्मा, निशांत उपाध्याय, अंशुल शर्मा, पुष्कर, नितिन बिहारी, सुमन सागर, दीपा यादव, मीना सिंह, शौएब अहमद, राघव उपाध्याय, आफताब आलम, वेद प्रकाश, अमरीश आदि सहित बड़ी संख्या में ब्लॉक के शिक्षक शिक्षिकायें आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ नितिन सेठी द्वारा किया गया।

## होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया

**हापुड़।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल के तत्वावधान में रेलवे रोड स्थित आर के प्लाजा में होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया ।इस अवसर पर अध्यक्ष अमित शर्मा टोनी ने कहा कि होली एक ऐसा पर्व है जिसमें हम बैर भाव द्वेष सब भूलकर प्रेम से एक दूसरे से गले मिलते हैं। यह प्रीत प्रेम का पर्व है। जिला महामंत्री मनीष अग्रवाल ने कहा कि होली उमंग और हर्ष उल्लास का पर्व है ।एकता और सौहार्द का पर्व है। चंडी मंदिर समिति के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा होली का यह पर्व हमें सिखाता है कि प्रेम सर्वोपरि है जहां प्रेम होगा वहां मेलजोल होगा ,भाईचारा होगा। डा अनिल बाजपेई ने होली हमारी समृद्ध परंपरा और सदियों पुरानी विरासत का स्मरण कराती है।होली और दिवाली के पर्व हमारी संस्कृति को समृद्ध कर रहे हैं ।इस अवसर पर राहुल शर्मा,महेश सिंघल,आकाश जैन, मोहित बंसल,संजीव कुमार, लक्ष्मण यति ,राजीव प्लास्टिक वाले,राहुल बैग वाले उपस्थित रहे।

## बेटे ने मां के सपनों को किया सकार

# नवनिर्मित डा0 सुनीता जायसवाल मेमोरियल अस्पताल का भव्य उद्घाटन बेटे ने मां के हाथों कराया

**वेलकम इण्डिया**



**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत शोहरतगढ़ के कस्बा क्षेत्र में सोमवार को बहु प्रतिक्षित हॉस्पिटल डा0 सुनीता जायसवाल मेमोरियल हॉस्पिटल सुपर मल्टी स्पेशलिटी एण्ड ड्रामा सेन्टर का भव्य उद्घाटन डा0 सुशान्त कुमार जायसवाल की माता जी श्रीमती लालपुरी जायसवाल ने किया। हास्पिटल के उदघाटन में प्रबन्धक डॉ0 सुशान्त कुमार जायसवाल ने बताया कि नवनिर्मित डॉ0 सुनीता जायसवाल मेमोरियल हॉस्पिटल सुपर मल्टी स्पेशलिटी एण्ड ड्रामा सेन्टर की विशेषता को बताते हुए कहा की एक ही परिसर में पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड, एक्स-रे, सीटी स्कैन, आईसीयू/एनआईसीयू, डायलिसिस, वेंटीलेटर, एम्बुलेंस आदि की बेहतर सुविधा मरीजों को दी जायेगी। ऐसी व्यवस्था बनाई गयी है कि मशहूर डाक्टरों की उपलब्धता सहित एक ही परिसर में लोगों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं मिलेगा। आपको बताते चले कि हॉस्पिटल के उद्घाटन से पूर्व बीते 1 मार्च से ही हॉस्पिटल परिसर में श्रीमद्भागवत कथा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, सोमवार को वहां आयें शुभचिन्तकों, परिजनों समेत सहित सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में पूणार्हुति व प्रसाद वितरण कार्यक्रम किया गया। इस दौरान जिला पंचायत जिलाध्यक्ष प्रतिनिधि उपेन्द्र प्रताप सिंह, सपा जिलाध्यक्ष लालजी यादव, समाजसेवी श्याम जायसवाल, चेयरमैन उमा अग्रवाल, श्रवण जायसवाल, पूर्व विधायक अमर सिंह चौधरी, राजीव मिश्रा, सूर्य प्रकाश पाण्डेय, संतोष पासवान, रमेश मणि त्रिपाठी, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, शैलेन्द्र कौशल, सौरभ गुप्ता, शिवशंकर चौधरी, रामदास, जगजीवन, वीरेन्द्र जायसवाल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहें।

## आपसी प्रेम भाव बढ़ाने का आह्वान पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने मनाया होली पर्व, गुलाल लगाकर दी बधाई



**वेलकम इंडिया**

**हाथरस।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा रंगोत्सव हर्षउल्लास के साथ मनाया। हवन यज्ञ कर लोगों से होली के पर्व पर सामाजिक समरसता के साथ आपसी प्रेम भाव बढ़ाने का आह्वान किया गया। इस मौके पर समाज के उन्नयन के लिए एकजुट होकर काम करने का संकल्प लिया गया। डोल नगाड़ो की धुन पर थिरकते हुये जमकर गुलाल की होली खेली गई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा रंगोत्सव का आयोजन आगरा मार्ग स्थित कलिंजी कुंज गेस्ट हाउस में आयोजित किया गया। वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ हवन यज्ञ किया गया। इसके उपरांत सभी ने गुलाल की होली खेली। इस अवसर पर जिला प्रचारक रवि ने कहा कि होली सामाजिक और सांस्कृतिक विरासत के साथ ही सामाजिक ताने बाने को मजबूत बनाने का त्योहार है। होली पर सभी को बुराइयों से दूर करने व रहने का संकल्प लेना चाहिए। संघ समाज में एकजुटता लाने का माध्यम है।

## ईदगाह गेट को ईद से पहले चालु कराने के लिए एडीएम व ई ओ को सोपा ज्ञापन

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़।** हापुड़ जनपद हापुड़ डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सोशल वेलफेयर सोसायटी उत्तर प्रदेश के चेयरमैन मो दानिश कुरेशी ने अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार व उप जिलाधिकारी अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार को ज्ञापन सोपा और ईद से पहले ईदगाह गेट को चालू कराने की मांग की,सोसायटी के चेयरमैन व नगर पालिका परिषद हापुड़ के ब्रांड एंबेसडर मो दानिश कुरेशी ने जानकारी देते हुऐ बताया कि नगर पालिका परिषद हापुड़ के द्वारा सबका साथ,सबका विकास ओर सबके विश्वास पर कार्य करते हुए पूर्व के बोर्ड के कार्यकाल मे नगर पालिका की बोर्ड बैठक में ईदगाह गेट के निर्माण व सौंदर्य करण का प्रस्ताव पास हुआ था जिसका लगभग 3 वर्ष पहले शिलान्यास उद्घाटन लोकार्पण भी पूर्व पालिका अध्यक्ष प्रफुल्ल सारस्वत द्वारा कर दिया गया था, गेट बनकर 98% तैयार हो चुका है काफी दिन पहले,मगर गेट पर अभी भी जाल चाली बल्ली सेटरिंग आदि बंधी हुई है जिससे आने-जाने में लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही है और जिस कारण पुरानी चुंगी पर जाम की स्थिति बनी रहती है और किसी दिन सेटरिंग बंधे होने से कोई बड़ा हादसा हो सकता है अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार व उप जिलाधिकारी अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार जी से मांग की गई की गेट की जल्द से जल्द फिनिशिंग कराकर ईद से पहले पहले ईदगाह गेट को आम जनता के लिए समर्पित कर दिया जाए, ताकि आम जनमानस में सरकार के प्रति विश्वास बना रहे,दानिश कुरेशी ने जिला प्रशासन से मांग की अगर ईद से पहले ईदगाह गेट को जनता को समर्पित कर दिया जाता है तो मुस्लिम समाज को ईद पर सरकार के द्वारा यह अनमोल तोहफा होगा इस मौके पर डॉ असद सिद्दीकी, डॉ दिलशाद अली, हाजी बाबुद्दीन, कारी शहजाद, ताहिर सेफी, आसिफ मेवाती, मो अफरोज, इलियास अल्वी, प्रधान वसी मोहम्मद आदि सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

## डॉ संदीप आर्या ने नेपाल में आयोजित संगोष्ठी में दिया विशिष्ट व्याख्यान

**वेलकम इंडिया**



**झांसी।** बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के इंस्टिट्यूट ऑफ एनवायरमेंटल एंड डेवलपमेंट स्टडीज के पूर्व समन्वयक डॉ संदीप आर्या ने कैलाली मल्टीपल कैंपस, धनगढ़ी, सुदूर पश्चिमी विश्वविद्यालय, नेपाल के अनुसंधान प्रबंधन प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित शिक्षा, मानविकी, प्रबंधन और विज्ञान में उभरते अनुसंधान रुझानों पर पहले अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में सत्र की अध्यक्षता की। इसके साथ थी उन्होंने

सम्मेलन के विषयः शिक्षा, नवाचार और व्यवसाय के माध्यम से समाज को सशक्त बनाना पर विशिष्ट व्याख्यान दिया। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर मुकेश पाण्डेय ने उनके द्वारा किए गए इस अकादमी कार्य के लिए उनकी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि शिक्षक को शैक्षणिक कार्य के साथ ही अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में सहभागिता, व्याख्यान,शोध पत्र प्रस्तुत करने चाहिए। इससे बुंदेलखंड विश्वविद्यालय को नैक ए प्लस प्लस के बाद ग्लोबल रैंकिंग्स में उत्कृष्ट स्थान मिलने में सहायता मिलेगी।

## सच बोलना अपराध...सीतापुर में पत्रकार की हत्या पर आक्रोश:भिठौली में पत्रकारों ने निकाला कैंडल मार्च





**निर्मल सैनी वेलकम इंडिया**

**लखनऊ।** सीतापुर में पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना से पत्रकार समाज में गहरा रोष है। अज्ञात बदमाशों ने 8 मार्च को राघवेंद्र को गोलियों से भून दिया। अभी तक हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। राजधानी लखनऊ के भिठौली में श्री बालाजी पत्रकार एसोसिएशन संगठन के नेतृत्व में पत्रकारों ने न्याय की मांग को लेकर कैंडल मार्च निकाला ।मार्च भिठौली से शुरू हुआ। पत्रकारों ने नारे लगाकर विरोध प्रदर्शन किया और नारे लगाए।उन्होंने मृतक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना भी की ।मृतक राघवेंद्र अपने परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे। उनके भाई की भी पहले मृत्यु हो चुकी है ।पत्रकारों ने योगी सरकार से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है ।पत्रकारों ने सरकार से पत्रकारों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। उनका कहना है कि सरकार की चुप्पी से अपराधी बेखौफ होकर पत्रकारों की हत्या कर रहे हैं। विरोध प्रदर्शन में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरके मिश्रा, महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष गुड़िया निगम, लखनऊ मीडिया संगठन के संरक्षक अमित त्रिवेदी, मंडल अध्यक्ष व सूर्योदय भास्कर प्रधान संपादक प्रशांत अवस्थी, विकास सैनी (थावर टाइम्स एमडी) दुर्गेश त्रिपाठी पत्रकार व किसान मंच के प्रदेश प्रवक्ता राहुल पांडे, किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश यादव, वरिष्ठ पत्रकार पवन पांडे, पत्रकार अर्जुन यादव, अतीत यादव, गौरागिनी यादव, कुमार नंदन पाठक, वरिष्ठ पत्रकार जुबेर अहमद,योगेंद्र त्रिपाठी, आशुतोष द्विवेदी, सत्या सिंह, अभिषेक मिश्रा, शैलेंद्र वर्मा, अश्वनी कश्यप, मोहित शुक्ला, अभिषेक, पुष्पेंद्र सिंह, राजा निगम, विजय मिश्रा उर्फ बुलेट समेत कई पत्रकार मौजूद रहे।

# एस.आर.एम.आई.एस.टी में यूएचवी 1 की दो फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का एक साथ शुभारंभ

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, दिल्ली-एनसीआर कैंपस, गाजियाबाद में 10-12 मार्च 2025 तीन दिवसीय दो फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) झ यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यूज-क का एक साथ भव्य शुभारंभ हुआ।

यह कार्यक्रम एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित है और इसका उद्देश्य शिक्षकों को मूल्य-आधारित शिक्षा की गहराई से समझ प्रदान करना है। कार्यक्रम की शुरूआत मंगलाचरण और दीप प्रज्वलन से हुई, जो ज्ञान और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है।इसके बाद सरस्वती वंदना के मधुर स्वरों ने पूरे सभागार में आध्यात्मिक माहौल बना दिया। इस अवसर पर डॉ. धौम्या भट्ट, डीन - आईक्यूएसी (एसआरएमआईएसटी , दिल्ली-एनसीआर कैंपस, गाजियाबाद) ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, ग्शिक्षा केवल विषयों को पढ़ाने तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह मानवीय मूल्यों और नैतिकता को आत्मसात करने का माध्यम भी होनी चाहिए। यह कार्यक्रम हमें इसी दिशा में आगे बढ़ने का अवसर देता है।इसके बाद श्री विभांशु, ऑब्जर्वर, एनसीसीआईपी एआईसीटीई ने यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यूज-क की अवधारणा और इसकी शिक्षकों के लिए उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ग्एक शिक्षक न केवल ज्ञान का संवाहक होता है, बल्कि समाज में नैतिक मूल्यों को विकसित करने में भी अहम भूमिका निभाता है। समापन सत्र में डॉ. महेश कुमार गुप्ता, यूएचवी समन्वयक (एसआरएमआईएसटी , दिल्ली-एनसीआर कैंपस, गाजियाबाद) ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके बाद पूरे आयोजन की मधुर स्मृतियों को संजोने के लिए सामूहिक फोटो सत्र आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम शिक्षकों के लिए न केवल एक प्रशिक्षण सत्र था, बल्कि एक आत्मविश्लेषण का अवसर भी, जहां उन्होंने शिक्षा के व्यापक उद्देश्यों को समझने और अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉ. पल्लवी जैन, यूएचवी स्थानीय समन्वय और विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

# डीजीआर पब्लिक स्कूल में महिला दिवस समारोह का किया भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** डीजीआर पब्लिक स्कूल, पतला में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया। गया। इस विशेष आयोजन में विद्यालय की दूसरी शाखा किड्स प्राइड ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती रीता चौधरी (चेयरमैन, पतला) रहीं।इस आयोजन को सफल बनाने में डॉ. रचना शर्मा, श्रीमती नीरज शर्मा, श्रीमती पूनम तथा कपिल कुमार ने मुख्य भूमिका निभाई। कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। छात्र-छात्राओं के साथ-साथ माताओं ने भी उत्साहपूर्वक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया। उनकी प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में एक नया उत्साह और ऊर्जा भर दी। महिलाओं ने नृत्य, कविता पाठ और नाटकीय प्रस्तुतियों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का सुंदर संदेश दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. सोनल चौधरी (डायरेक्टर-प्रिंसिपल, डीजीआर पब्लिक स्कूल) द्वारा किया गया, जबकि विद्यालय के चेयरमैन गुलबीर सिंह ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी को बधाई दी। इस अवसर पर 35 यूपी बटालियन एनसीसी की विशेष उपस्थिति रही। एनसीसी दल के प्रमुख अधिकारी कर्नल पी.के. सिंह लेफ्टिनेंट आर.पी. दहिया सूबेदार मेजर परमानंद सूबेदार सरदार सिंह हवलदार संजीत हवलदार पवन कुमार थर्ड ऑफिसर गुड्डू गुप्ता रहे। इन सभी अधिकारियों ने छात्रों को अनुशासन, नेतृत्व और महिला सशक्तिकरण पर प्रेरक विचार साझा किए। एनसीसी कैडेट्स के साथ-साथ माताओं और अभिभावकों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया।इस भव्य आयोजन में कुल 397 लोगों ने भागीदारी की।

# एनएसएस की छात्राओं ने स्वच्छता अभियान चलाया एवं श्रमदान किया




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज, मोदीनगर में सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर के छठे दिन का आयोजन एनएसएस की इकाई बी एवं इकाई सी द्वारा किया गया। प्रातःकालीन सत्र में सर्वप्रथम स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय प्रांगण को स्वच्छ किया एवं श्रमदान किया गया तत्पश्चात स्वयंसेविकाओं को भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा युवाओं को विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2025 में पंजीकरण हेतु महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई तथा कार्यक्रम अधिकारियों ने ज्यादा से ज्यादा संख्या में इसमें पंजीकरण हेतु अपील कर छात्राओं का पंजीकरण करवाया तत्पश्चात लक्ष्य गीत का वाचन किया गया शिविर के दूसरे सत्र में स्वयंसेविकाओं ने तीबड़ा गांव में स्वच्छता अभियान चलाया एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए कुदाल एवं फावड़ा चलाकर श्रमदान दिया इकाई बी की कार्यक्रम अधिकारी सुश्री शालू देवी ने नारी सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भर नारी के महत्व को बताया तत्पश्चात स्वयंसेविकाओं ने नशा मुक्त भारत पर विभिन्न प्रकार के पोस्टर निर्माण किया जिसमें प्रथम स्थान निशा द्वितीय स्थान चंचल एवं तृतीय स्थान नाजिया ने प्राप्त किया स्वयंसेविकाओं ने तीबड़ा गांव के बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरुक करते हुए एक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया शिविर को आगे बढ़ते हुए इकाई सी की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती राखी शर्मा ने बखरवा गांव में पर्यावरण संरक्षण पर पोस्टर निर्माण करवाया एवं आसपास के लोगों को पर्यावरण स्वच्छ रखने की अपील की शिविर के अंत में स्वयं सेविकाओं ने राष्ट्रगान के साथ ही समापन किया।

# योगी के धनुष को भोगी नहीं तोड़ सकता: ओझा

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर।** सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर परतापुर की सहायतार्थ राम कथा में आज राम जी की बाल लीला व विवाह का उत्सव बधाई गाकर बड़े धूमधाम से मनाया गया। बाल लीलाओं की चर्चा करते हुए कथा व्यास अरविंद भाई ओझा ने कहा कि राम अपने जीवन से लोगों को जीना सिखाते हैं । राम अल्प समय में ही सारी विद्याएं प्राप्त कर लेते हैं क्योंकि वह एकाग्र होकर अपनी शिक्षा को प्राप्त करते हैं साथ ही राम स्वयं भी पढ़ते हैं और अपने भाइयों को भी पढ़ते हैं। राम ने बचपन में माता कौशल्या को अपने विश्वरूप के दर्शन करवाए। भगवान शिव और पार्वती को राम का बाल रूप अतिप्रिय है इसलिए दोनों बाल रूप की पूजा करते हैं। राम जी के विवाह की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा की धनुष यज्ञ में आये राजा धनुष को नहीं तोड़ सके केवल भगवान राम ने शिव के धनुष को तोड़कर यह संदेश दिया की एक योगी के धनुष को कोई भोगी (कामी) नहीं तोड़ सकता योगी ही तोड़ सकता है । भगवान शिव योगी होकर गृहस्थ जीवन जीते हैं और राम गृहस्थ होकर सन्यासी जीवन को जीते हैं राम बताते हैं कि जीवन को संयमित रूप से पवित्रता से जीना चाहिए। राम जैसा पति मिले इसके लिए सीता जी ने मां पार्वती की पूजा कर वरदान प्राप्त किया था। अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए भगवान शिव पार्वती की आराधना करनी चाहिए। आज कथा में मुख्य यजमान धर्मेश तोमर विधायक धौलाना विनोद गोयल केपी गुप्ता राजीव गुप्ता विनीत गोयल सुनील सिंघल पिलखुवा अंकित व अन्य लोगों में। सुबोध तेवतिया ओमपाल फौजी सहपरिवार उपस्थित रहे।

# पूर्व राज्य मंत्री रामकिशोर अग्रवाल ने कमिश्नर वाणिज्यकर विभाग से भेंट कर तीन मुद्दों पर की चर्चा

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर** । पूर्व राज्यमंत्री / जिलाध्यक्ष उधोग व्यापार मण्डल गाजियाबाद राम किशोर अग्रवाल ने नितिन बंसल कमिश्नर वाणिज्यकर विभाग / जी०ए०सी० विभाग लखनऊ से कार्यालय गाजियाबाद में भेंट कर तीन मुद्दों पर चर्चा की। उसमें से 2 मुद्दो का निस्तारण तुरन्त कर दिया गया। पूर्व राज्य मंत्री रामकिशोर अग्रवाल ने बताया कि जिन मुद्दों पर चर्चा की गई उनमें टेक्निकल आधार पर गाड़ी नही पकड़ी जानी चाहिए।

क्योकि इससे विभाग को कोई लाभ नहीं होगा और व्यापारी परेशान होता है।मोदीनगर गाजियाबाद वाणिज्यकर / जी०एस०टी० कार्यालय को तुरन्त वापीस ले जाया जाएं तथा जो पिछली पार्टी बिल काटती है और टैक्स जमा नहीं करती है। वह अगली पार्टी से विभाग पेलेन्टी सहित वसूल करता है। पिछली फर्म रजि० हैं। उसकी सम्पत्ति से टैक्स वसूल किया जाएं ना की अगली पार्टी से। इन 2 मुद्दों का निस्तारण तुरन्त कर दिया गया।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ नेता स्वदेश जैन का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर** । भाजपा मंडल मोदीनगर शहर अध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में वरिष्ठ भाजपा नेता मोदीनगर के प्रसिद्ध जैन स्वीट्स एंड बेकर्स के संचालक स्वदेश जैन को जन्मदिन बहुत धूम धाम से मनाया सभी कार्यकताओं ने ईश्वर से उत्तम स्वास्थ्य एवं यशस्वी जीवन की कामना की। इस मौके पर उपस्थित गणमान्यों में जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र चौधरी, व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रदीप बॉस, मेहराम चंदेल, सभासद और युवा मोर्चा महामंत्री ललित त्यागी, अमित तीसावर, आशीष कश्यप, पिंकी चौधरी, साधना शर्मा, जिला कोष अध्यक्ष भाजपा नवीन जयसवाल, यतीश त्यागी, अश्वनी पाल, अनिल सैन, सौरभ शर्मा, दीपक कर्दम, राकेश कर्दम, दौलत राम झंगीड़, दीपांशु मलिक, व्यापरी भाई नितिन तायल, योगेश कुमार राज टायर आदि मौजूद रहे।

# मधुमक्खियों के हमले से आधा दर्जन लोग घायल अस्पताल में चल रहा इलाज

वेलकम इंडिया



**मिल्कीपुर अयोध्या।** मधुमक्खियों के हमले से आधा दर्जन लोग घायल हो गए, सभी को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। खंडासा थाना क्षेत्र बहादुरगंज खंडासा संपर्क मार्ग स्थित मिश्रौली गांव के पास राहगीरों पर मधुमक्खियां ने हमला बोल दिया, जिससे आधा दर्जन लोग घायल हो गये दत्ता पाण्डेय का पुरवा निवासी अमरेन्द्र पांडे ने बताया कि कोचिंग जाते वक्त मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया, आर्यन निवासी रौतावा, दलबहादुर यादव , रिजवान अहमद, सावित्री , धर्मेंद्र कुमार, भीखम सिंह सभी लोग कार्य से कहीं जा रहे थे मिश्रौली गांव के पास जैसे पहुंचे मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया, खांडसा बाजार निवासी सूरज कौशल अपने बच्चे को स्कूल छोड़कर लौटे थे, सड़क के किनारे कई लोग मधुमक्खियां के हमले चिल्ला रहे थे और कुछ लोग घायल पड़े थे, स्थिति भाप सूरज ने पास में रह रहे लोगो से कंबल आदि मांग कर जैसे-तैसे लोगों की सुरक्षा की तथा अपनी बाइक से बारी बारी सबको खंडासा सीएससी तथा बाजार में स्थित एक प्राइवेट क्लीनिक पर पहुंचाया जहां पर डॉक्टरों ने घायलों का इलाज शुरू कर दिया, यदि समय रहते सूरज वहां न पहुंचे तो बड़ी अनहोनी हो सकती थी , एक युवा की तत्परता से कई लोगों की जान बच गई लोगों ने इस नेक कार्य के लिए सूरज को धन्यवाद दिया।

# अवैध खनन: चमकती रेत का 'काला खेल' प्रशासन क्यों नहीं कस पा रही नकेल?

वेलकम इंडिया




**रुदौली,अयोध्या।** तहसील क्षेत्र में खनन का काला कारोबार फल-फूल रहा है। लगातार घाघरा नदी से सफेद बालू के अवैध खनन का सिलसिला चल रहा है। लेकिन प्रशासनिक अमला इस पर नकेल कसने में कामयाब नहीं हो पाया है। कोतवाली रुदौली क्षेत्र में घाघरा नदी से आए दिन अवैध रूप से बालू खनन का काला कारोबार जारी है। हैरानी की बात यह है कि पुलिस की नाक के नीचे ही गैर-कानूनी काम बेरोक-टोक चल रहा है। खनन अधिकारियों को जब इस मामले की जानकारी दी जाती है तो कारवाही करने की बात कही जाती है। लेकिन अभी तक कोई भी कार्यवाही इन माफियाओं पर प्रशासन द्वारा कार्यवाही होती नहीं दिखाई दी। रात हो या दिन के खनन माफिया बेखौफ तरीके से सफेद बालू का अवैध खनन कर रहे हैं। नदी के पास कई ट्रैक्टर-ट्रॉली खाली आते हैं। इसके बाद बालू लोड करके चले जाते हैं। इस मनमानी पर लगाम लगती नहीं दिख रही है। पुलिस का रवैया इस मामले में सवालों के घेरे में है। बालू ढुलाई के बाद रुदौली सर्किल क्षेत्र के थाना चौकियों के सामने से ही ट्रैक्टर-ट्रॉली और ट्रक गुजरते हैं, लेकिन कोई रोकने वाला नहीं। नजदीकी चौकी पर तैनात पुलिस उनसे पूछताछ तक नहीं करती। खनन माफिया इस प्राकृतिक संपदा का दोहन कर मालामाल हो रहे हैं, वहीं प्रशासन उस पर अंकुश लगाने में नाकाम है। खनन के इस खेल में माफिया के गुर्गे बेखौफ हैं। उन्हें पुलिस की कोई परवाह नहीं है। खनन माफिया के हथियारबंद गुर्गे अवैध खनन करते हैं। पूरी रात बालू से लदे ट्रैक्टर ट्रॉली पुलिस चौकी के पास से गुजरते रहते हैं। इसके बावजूद पुलिस कान में रुई और आंख पर पट्टी लगाकर बैठी रहती है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि कहीं इस काले कारोबार में कोई प्रशासनिक मिलीभगत तो नहीं है।

# बाबूगढ़ पुलिस ने क्षेत्र में हुई चोरी की घटना में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

हापुड़/एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के आदेश अनुपालन में हापुड़ पुलिस के द्वारा जनपद में अपराधिक घटनाओं पर रोकथाम एवं चोरों/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे। अभियान के अन्तर्गत थाना बाबूगढ़ पुलिस द्वारा थाने के मु0अ0सं0 373/2024 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस में वांछित चल रहे। अभियुक्त कमल कुमार पुत्र मुकन्दलाल निवासी फ्लैट नं0 203 विजेता अपार्टमेन्ट सेक्टर 2 थाना बल्लभगढ़ जनपद फरीदबाद हरियाणा को लक्ष्मी सीमेन्ट पाइप इण्डस्ट्रीज के पास से गिरफ्तार कर।

# अयोध्या में महिला पत्रकार पर हमला: न्याय की लड़ाई ने लिया आंदोलन का रूप, प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

वेलकम इंडिया

अयोध्या में पत्रकारों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। हाल ही में महिला पत्रकार मिताली रस्तोगी और उनके बच्चों पर बेरहमी से हमला किया गया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है। इस हमले के बावजूद, प्रशासन ने हल्की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले को दबाने की कोशिश की, लेकिन अब तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। न्याय की मांग को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना गांधी पार्क, सिविल लाइन, अयोध्या में दूसरे दिन में प्रवेश कर चुका है। पहले दिन मिताली रस्तोगी की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। अभी उनके मन के जख्म भरे भी नहीं थे कि यह दूसरी बड़ी घटना घट गई। पहले से ही एक बड़ी त्रासदी झेल चुकीं मिताली रस्तोगी के लिए यह एक और बड़ा आघात साबित हुआ। प्रधानमंत्री मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताते हैं, और मुख्यमंत्री भी दावा करते हैं कि मीडिया को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए, लेकिन अयोध्या प्रशासन बिल्कुल बेबस नजर आ रहा है। सवाल यह उठता है कि आखिर प्रशासन किसके दबाव में काम कर रहा है? अगर महिला पत्रकारों की यह स्थिति है, तो आम जनता की स्थिति क्या होगी? कागजों पर सब कुछ अच्छा दिखाने की कोशिश होती है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है। जो कोई भी न्याय की मांग करता है, उसे या तो दबाया जाता है या फिर फर्जी मुकदमों में फंसाने की साजिश रची जाती है। लगातार कई संगठनों और समाजसेवी लोगों ने मिताली रस्तोगी को समर्थन दिया है। 16 से 18 मार्च के बीच यह धरना एक बड़े आंदोलन का रूप ले सकता है, और इसकी पूरी जिम्मेदारी अयोध्या पुलिस प्रशासन की होगी। प्रशासन अब तक महिला पत्रकार का हालचाल लेने तक नहीं आया है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि कहीं न कहीं एक बड़ा षड्यंत्र रचा जा रहा है। पहले भी मिताली रस्तोगी और उनके सहयोगियों को फंसाने की साजिशें चलती रहीं हैं।



# डीएम ने सहकारी समितियों की कार्यान्वयन एवं निगरानी समिति की बैठक ली, निर्देश दिए

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** केन्द्र सरकार की पैक्स कम्प्यूटराईजेशन योजना के तहत जनपद की सहकारी समितियों का तृतीय चरण में चयन करने के बाद सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यान्वयन एवं निगरानी समिति डीएलआईएमसी की बैठक आहूत की गई जिसमे जिलाधिकारी ने बी-पैक्स में कम्प्यूटराईजशन के लिए विद्युत आपूर्ति के दृष्टिगत विद्युत विभाग के संबंधित अधिकारी को 07 बी-पैक्स में विद्युत कनेक्शन एवं बकाया बिल के संबंध में यथा समाधान करने के निर्देश दिये। बी-पैक्स सचिवों को कृषि निवेश एवं ऋण वितरण के अतिरिक्त अन्य कार्य यथा बी-पैक्स पर संचालित कामन सर्विस सेन्टर (सीएससी) के माध्यम से बहुउद्देशीय कार्य करने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी दीपक मीना द्वारा पैक्स कम्प्यूटराईजशन से पूर्व सभी कार्मिको को कम्प्यूटर संचालित करने का प्रशिक्षण दिये जाने पर विशेष ध्यान आकर्षित किया गया। जिन बी-पैक्स का वित्तीय वर्ष 2023-24 आडिट पूर्ण नहीं हुआ है तत्काल जिला लेखा परीक्षा अधिकारी सहकारी समितियों एवं पंचायते गाजियाबाद से सम्पर्क कर ऑडिट कार्य पूर्ण कराये। डीएम द्वारा जिला विकास प्रबन्धक नाबार्ड को आगामी समय में सहकारी समितियों की आर्थिक स्थिति एवं अन्य गतिविधियों के संबंध में एक रिपोर्ट तैयार कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। बैठक में उमेश कुमार तिवारी सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता संदीप सिंह मुख्य कार्यपालक अधिकारी जिला सहकारी बैंक लि०, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह, श्रीमती अलका कुमारी जिला विकास प्रबन्धक नाबार्ड, हरप्रीत कौर डीआईओ (एनआईसी) कलक्ट्रेट गाजियाबाद, अमित त्रिपाठी अधिशासी अभियन्ता पश्चिमाचंल विद्युत वितरण निगम लि० एवं बी-पैक्स के सचिव उपस्थित रहे।

# नालों को अतिक्रमण से मुक्त कराए बिना जलभराव की समस्या का समाधान असंभव



वेलकम इंडिया

**साहिबाबाद।** पिछले 1 महीने से औद्योगिक क्षेत्र में नाला ओवरफ्लो होने से गंदा पानी सड़कों पर भरा है और नगर निगम के लाख प्रयास के बाद समस्या का समाधान नहीं हो सका है। इस मुख्य कारण लिंक रोड पर रैपिड रेल के द्वारा नाले को अंडरग्राउंड किया जाना भी है। वहीं दूसरी तरफ नाले के ऊपर ही बड़े-बड़े शोरूम के मालिकों और बैंकट हॉल के संचालकों ने स्लैब डालकर नाले को पूरी तरह से पाट कर बंद कर दिया है। इन वजहों से नगर निगम के कर्मचारियों को नाला सफाई करने में परेशानी होती है और उसके नीचे कूड़े के मलबा जमा हो जाता है जिससे नाला ओवरफ्लो होकर पानी ऊपर से निकलता है और वही पानी सड़कों पर जमा हो रहा है और आम जनता को परेशानी हो रही है।

इन बड़े-बड़े शोरूम मालिकों और बैंकट हॉल संचालकों की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा है, ना ही नगर निगम के अधिकारी और ना ही यूपीसीडा के अधिकारी ना ही। ना ही कोई राजनेता अथवा जनप्रतिनिधि समस्या की मुख्य जड़ पर ध्यान दे रहा है। नालों को इन अतिक्रमणों से मुक्त कराने पर ही ओवरफ्लो की समस्या का स्थाई समाधान किया जा सकता है। इसके लिए निजी स्वार्थ छोड़कर जनहित में काम सही तरीके से अतिक्रमण हटाकर नाल को साफ करना होगा तभी ओवरफ्लो और जल भराव की समस्या से छुटकारा मिल सकता है।

# मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थो के विक्रय पर रोकथाम हेतु चलाया विशेष अभियान

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ0प्र0, लखनऊ के आदेश एवं जिलाधिकारी महोदय, गाजियाबाद के निर्देश पर आगामी होली पर्व के अवसर पर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थो के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से जनपद में स्थित निर्माण इकाई/रिलेबलर/पैकर, कोल्ड स्टोरेज/ भण्डारण इकाईयों एवं सम्बन्धित मण्डियों में दिनांक-06.03.2025 से दिनांक-13.03.2025 तक चलाये जा रहे विशेष अभियान में दिनांक-06.03.2025 को, गठित दल, द्वारा साहिबाबाद रोड यू.पी. गेट पर 02-02 पनीर के नमूनें वाहन संख्या-यूपी 14 पीटी 1048 और यूपी 85 ईटी 1870, गोविन्दपुरम से एक क्रीम व घी का नमूना, रामनगर से एक बर्फी, खोया व घी, आर0डी0सी0 राजनगर से एक सूजी, बेसन व नमकीन का नमूना और ग्राम नाहली स्थित दो पनीर निर्माण इकाईयों पर कार्यवाही करते हुए 07 पनीर, 02 रिफाइण्ड पाम ऑयल, एक अज्ञात खाद्य पदार्थ व एक दूध का नमूना विश्लेषण हेतु संग्रहित करते हुए मौके पर 120 किग्रा0 पनीर जिसकी कीमत रू0-26400 हजार रुपए पायी गयी, मानव उपभोग हेतु उपयुक्त न होने के कारण नष्ट करा दिया गया और लगभग 15 लीटर सफेद तरल खाद्य पदार्थ जब्त, जिसकी बाजार कीमत रू0-750 हजार रुपए है।

# नोएडा में जीएसटी के डिप्टी कमिश्नर ने 15वीं मंजिल से लगाई छलांग, मौत

वेलकम इंडिया

**नोएडा।** नोएडा के थाना सेक्टर 113 क्षेत्र स्थित एक सोसाइटी में 15वीं मंजिल से कूदकर एक अधिकारी ने मौत को गले लगा लिया। मौके पर सोसाइटी के सुरक्षाकर्मी सहित अन्य लोग पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत बता दिया। पूछताछ में सामने आया कि मरने वाले व्यक्ति की उम्र करीब 59 साल थी और वो जीएसटी विभाग गाजियाबाद में डिप्टी कमिश्नर के पद पर तैनात थे। जो अभी नौकरी में थे। वो लंबे समय से बीमार चल रहे थे। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जीएसटी के डिप्टी कमिश्नर की मौत पर एडिशनल डीसीपी नोएडा सुमित शुक्ला ने बताया कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर पूरे मामले की जांच की जा रही है। परिजनों द्वारा किसी के खिलाफ कोई तहरीर अभी तक नहीं दी गई है। शुरूआती पूछताछ में सामने आया कि बीमारी के चलते मृतक काफी परेशान चल रहे थे, जिसके चलते उन्होंने यह कदम उठाया है। वहीं परिजनों द्वारा अगर किसी के खिलाफ कोई तहरीर दी जाती है, तो मामले की सघनता से जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



# खाद्य पदार्थ में मिलावट की रोकथाम के लिये गाजियाबाद खाद्य सुरक्षा विभाग एक्शन मोड में

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** होली का त्यौहार नजदीक होने के कारण मिठाईयां की मांग बढ़ जाती है। मिठाइयों की मांग को पूरा करने के लिए मिठाइयों में उपयोग होने वाली सामग्री जैसे दूध, खोया, पनीर छेना आदि मार्केट में मिलावटी मिलने लगते हैं।मिलावटी सामग्री की रोकथाम करने के लिए गाजियाबाद का खाद्य सुरक्षा विभाग बहुत ही अलर्ट मोड में है। गाजियाबाद के खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी अरविंद यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि खाद्य पदार्थ में मिलावट को रोकने के लिए जिले को चार जोन में बांटा गया है और प्रत्येक जोन के लिए एक टीम गठित की गई है। इस तरह कुल चार टीम जोन के अनुसार कार्य कर रही है।

इसके अलावा नेशनल हाईवे के दिल्ली बॉर्डर पर एक चेक पोस्ट बनाया गया है जहां पर 24 घंटे चेकिंग चलाई जा रही है ताकि कोई भी मिलावटी सामग्री जिले में ना पहुंच सके।गाजियाबाद जिले के सभी क्षेत्रों में कच्चा माल सप्लाई करने वाले व मिठाई बनाने वाली दुकानों से सैंपल लिए जा रहे हैं तथा उन सैंपल्स को जांच के लिए भेजा जा रहा है। अगर सैंपल के आधार पर मिलावट का पता लगता है तो उस दुकान और दुकानदार के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है साथ ही खाद्य अधिकारी ने गाजियाबाद जनता को संदेश देते हुए कहा है कि त्योहारों पर किसी भी तरह के कलर से बनी हुई मिठाइयां या अन्य खाने की चीज का उपयोग न करें। कलर से बनी हुई मिठाइयां या अन्य खाद्य पदार्थ हमेशा नुकसानदायक रहते हैं। मिठाइयां खाने से पहले यह जरूर देख लें की मिठाइयां बनाने की जगह स्वच्छ है या नहीं। मिलावटखोरों के लिए उन्होंने कहा कि अगर कोई किसी भी तरह की मिलावट खाद्य पदार्थ में कर रहा है तो वह किसी भी हाल में बक्सा नहीं जाएगा।

# एकजुटता के संदेश के साथ पूर्वांचल भोजपुरी महासभा का होली मिलन समारोह संपन्न

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद।** प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी पूर्वांचल भोजपुरी महासभा का होली मिलन समारोह नंदग्राम स्थित पूर्वांचल भवन में संपन्न हुआ। इसकी अध्यक्षता स्वामी चक्रपाणि महाराज ने की। अतिथियों में सुभास पार्टी के संस्थापक सतेंद्र यादव, पूर्व डीआईजी सच्चिदानंद राय, समाजसेवी सिकंदर यादव, पूर्वी मैत्री परिषद के संस्थापक सुबोध गुप्ता रहे। इस आयोजन में कला, राजनीति एवं साहित्य जगत की शख्सियतों की उपस्थिति रही। सभी को चन्दन का तिलक लगा कर होली मिलन समारोह का शुभारम्भ किया गया। समारोह के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक हुए जिसमें आये कलाकार गायक प्रभात पांडेय, सनी दुबे, प्रीति प्रकाश व छमा पांडेय ने अपनी अद्भुत प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान अपनी प्रतिभा से पूर्वांचल समाज को गौरवान्वित करने वाली प्रतिभाओं जिसमें मुख्य रूप से सुबोध गुप्ता, एसएन राय पूर्व डीआईजी, राकेश तिवारी, अशोक साह, सुजीत तिवारी, एसके झा, डॉ राजीव श्रीवास्तव, राकेश सिन्हा, कमलेश भट, अरविंद चंद, साधु राम, राजकुमारी यादव, राजा राम मौर्या, अनुरंजन श्रीवास्तव, विनोद अकेला, कामाख्या मिश्रा, चंद्रशेखर सिंह, मनोज शर्मा, रामनरेश ठाकुर, उर्मिला पटेल, श्याम वीर सिंह यादव,राम प्यारे यादव, बीपी श्रीवास्तव, सियाराम यादव, रवि त्रिपाठी का सामान भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे स्वामी चक्रपाणि महाराज ने होली के आध्यात्मिक पक्ष पर प्रकाश डालते हुए पूर्वांचल समाज की इस पहल की सराहना की और एकजुट रहने का सन्देश दिया। इस अवसर पर पूर्वांचल भोजनपुरी महासभा के चेयरमैन केदारनाथ तिवारी, मुख्य संयोजक अशोक तिवारी, वरिष्ठ संरक्षक जेपी यादव, अध्यक्ष शैलेन्द्र श्रीवास्तव, संयोजक गोपाल सिंह, महामंत्री आनंद मणि त्रिपाठी, कार्यकारी अध्यक्ष बृजेश तिवारी, उपाध्यक्ष कु. अभिनव, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुशवाहा, सचिव अनिल सिन्हा, जेपी यादव, डॉ जीपी सिन्हा, अनिल श्रीवास्तव, बीएन तिवारी, बृजेश प्रसाद, निर्भय श्रीवास्तव, जेपी शुक्ला, धीरेन्द्र भदौरिया, विद्या शंकार त्रिपाठी, अजित श्रीवास्तव, अनूप पांडेय, रजनीश द्विवेदी, विजय सिंह, रंजीत शर्मा दिग्विजय सिंह, अभिनन्दन तिवारी, अशोक शर्मा, संतोष भोजपुरिया, अवधेश कुमार, राम गणेश सिंह, राजेश यादव, राम जन्म भारती, दुर्गा प्रसाद श्रीवास्तव, राजा राम, संजय कुमार, बलिराम यादव, पाना लाल, सुरेन्द्र प्रसाद, रवि शंकर प्रसाद, राजेश श्रीवास्तव, विजय मिश्रा,सुबोध श्रीवास्तव, दिलीप श्रीवास्तव, प्रमोद श्रीवास्तव, विजय सिंह प्रशांत सिन्हा, राजेश श्रीवास्तव, शिव कुमार रघुवंशी, श्याम बिहारी, अनिल सिंह, आर पी शुक्ला, रमेश श्रीवास्तव, रंजीत कुशवाहा, तथा हजारों की संख्या में पूर्वांचल समाज के लोग उपस्थित रहे।

## 11 से 25 मार्च तक मिलेगा राशन

**गाजियाबाद।** खाद्य आपूर्ति विभाग की तरफ से राशनकार्डधारकों को 11 से लेकर 25 मार्च तक राशन बांटा जाएगा। जिला आपूर्ति अधिकारी अमित तिवारी ने बताया कि वितरण दिवस पर उचित दर की दुकानों पर खाद्यान्न वितरण सुबह 06:00 बजे से रात 09:00 बजे तक होगा। उन्होंने बताया कि कार्डधारकों को टोकन दिया जाएगा, जिसमें ई-पॉस मशीनों से खाद्यान्न वितरण का कार्य पारदर्शी तरीके से नोडल अधिकारी की उपस्थिति में होगा। उन्होंने बताया कि कार्डधारकों को राशन मिलने में अगर कई असुविधा होगी तो जिला पूर्ति अधिकारी को मोबाइल नंबर 9319582708, मोदीनगर में 9528871403, तहसील लोनी, 8126491720, सदर में 9935722673 और 7906871761 पर संपर्क कर सकते हैं।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सहकारी समितियों जिला स्तरीय कार्यान्वयन एवं निगरानी समिति की बैठक हुई



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** भारत सरकार द्वारा प्रायोजित पैक्स कम्प्यूटराईजेशन योजनान्तर्गत जनपद गाजियाबाद की सहकारी समितियों का तृतीय चरण में चयन करने के उपरान्त जिला स्तरीय कार्यान्वयन एवं निगरानी समिति डीएलआईएमसी की बैठक जिलाधिकारी गाजियाबाद श्री दीपक मीणा की अध्यक्षता में आहूत हुई।

जिलाधिकारी गाजियाबाद ने बी-पैक्स में कम्प्यूटराईजशन हेतु विद्युत आपूर्ति के दृष्टिगत विद्युत विभाग के संबंधित अधिकारी को 07 बी-पैक्स में विद्युत कनेक्शन एवं बकाया बिल के संबंध में यथा समाधान करने के निर्देश दिये गये। बी-पैक्स सचिवों को कृषि निवेश एवं ऋण वितरण के अतिरिक्त अन्य कार्य यथा बी-पैक्स पर संचालित कामन सर्विस सेन्टर (सी०एस०सी०) के माध्यम से बहुउ ?द्देशीय कार्य करने के निर्देश दिये गयें। जिलाधिकारी द्वारा पैक्स कम्प्यूटराईजशन से पूर्व सभी कार्मिको को कम्प्यूटर संचालित करने का प्रशिक्षण दिये जाने पर विशेष ध्यान आकर्षित किया गया। जिन बी-पैक्स का वित्तीय वर्ष 2023-24 आडिट पूर्ण नहीं हुआ है तत्काल जिला लेखा परीक्षा अधिकारी सहकारी समितियों एवं पंचायते गाजियाबाद से सम्पर्क कर ऑडिट कार्य पूर्ण कराये। जिलाधिकारी द्वारा जिला विकास प्रबन्धक नाबार्ड को आगामी समय में सहकारी समितियों की आर्थिक स्थिति एवं अन्य गतिविधियों के संबंध में एक रिपोर्ट तैयार कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।

# अवैध अतिक्रमण के खिलाफ गाजियाबाद नगर निगम का अभियान जारी, सिटी जोन और मोहन नगर में चला बुलडोजर

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद:(सुमित सोरेन)** गाजियाबाद नगर आयुक्त के निर्देश पर शहर में कई जगहों पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया. जेसीबी बुलडोजर के जरिए अवैध रूप से बनी सभी दुकानों और पक्के किए गए दुकान के आगे के हिस्सों को गिराया गया. सिटी जोन के जोनल प्रभारी महेन्द्र कुमार अहिरवार के नेतृत्व में गाजियाबाद में जिन जगहों पर अवैध अतिक्रमणों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई, उसमें पटेल मार्ग जीटी रोड से आर्य नगर गोल चक्कर तक सड़क के दोनों और फुटपाथों पर स्थानीय दुकानदारों के द्वारा अपना सामान सड़क पर रखकर अवैध रूप से अस्थाई अतिक्रमण किया गया था, उनके खिलाफ निगम ने अभियान चलाया। सिटी जोन के जोनल प्रभारी महेन्द्र कुमार अहिरवार ने बताया कि सिटी जोन के साथ मोहननगर जोन में भी अवैध अतिक्रमण के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाया गया। जिसमें सिटी जोन में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ जुमार्ना भी वसूला गया जिसमें सिटी जोन में 83000 रू ओर मोहन नगर जोन में 2 लाख रु जुमार्ने की रकम भी वसूली गई अवैध अतिक्रमण अभियान के दौरान तनावपूर्ण स्थिति से बचने के लिए भारी संख्या में निगम कर्मियों के साथ-साथ पुलिस बल की भी तैनाती भी की गई थी। सिटी जोन के जोनल प्रभारी महेन्द्र कुमार अहिरवार ने कहा कि हम किसी को परेशान नहीं करना चाहते. कुछ जगह ऐसी हैं, जहां वाहन अंदर नहीं जा सकते. बावजूद इसके हम अपनी कार्रवाई जारी रख रहे हैं. यह अभियान तब तक जारी रहेगा, जब तक सभी अतिक्रमण हटा नहीं दिए जाते. पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए हरसंभव कोशिश कर रहा है. वहीं, नगर निगम लोगों से अतिक्रमण हटाने की अपील कर रहा हैं।